

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 16 अक्टूबर 2024 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-198 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### केंद्रीय कर्मचारियों को मिल सकता है दिवाली तोहफा

**नई दिल्ली,16 अक्टूबर।** केंद्रीय कर्मचारियों को मिलने वाला महंगाई भत्ता (डीए) जल्द ही बढ़ सकता है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार आज यानी 16 अक्टूबर को होने वाली कैबिनेट मीटिंग में डीए में बढ़ोतरी पर फैसला ले सकती है. सरकार डीए में 3 फीसदी की बढ़ोतरी कर सकती है. ऐसा होने पर उनका महंगाई भत्ता 50 फीसदी से बढ़कर 53 फीसदी हो जाएगा. इसका फायदा करीब 52 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 60 लाख पेंशनभोगियों को होगा.

### पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा रामचंडी मंदिरः साय

**पिथौरा,16 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बसना के गढ़फुलझर में कोलता समाज की ओर से आयोजित राम चंडी दिवस समारोह में शामिल हुए. इस दौरान सीएम साय ने 50 लाख की लागत से मांगलिक भवन और राम चंडी मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की है. मुख्यमंत्री साय ने पहले राम चंडी देवी की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि की कामनाएं की. इसके बाद मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गढ़फुलझर की पावन भूमि में आकर धन्य हो गया हूं. अति व्यस्तता के बीच राम चंडी देवी के दर्शन के लिए आया हूं. कार्यक्रम में कोलता समाज सहित जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल की मांग पर मुख्यमंत्री साय ने 50 लाख की लागत से मांगलिक भवन और राम चंडी मंदिर को पर्यटन के रूप में विकसित करने की घोषणा की. वहीं 1 नवंबर के बजाए 15 नवंबर से धान खरीदी होने के सवाल पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है. भाजपा सरकार किसान हितैषी है. किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है. जो किसान हित में होगा वो किया जाएगा.

### नायब सैनी दूसरी बार लेंगे हरियाणा सीएम पद की शपथ

**चंडीगढ़,16 अक्टूबर।** हरियाणा के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सर्वसम्मति से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल का नेता चुना गया। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और पूर्व राज्य मंत्री अनिल विज ने हरियाणा के पंचकुला में आयोजित विधायक दल की बैठक में सैनी के नाम का प्रस्ताव रखा। हरियाणा भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद सैनी कल 17 अक्टूबर को दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हरियाणा ने देश के राजनीतिक पंडितों को गलत साबित करके लगातार तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनाकर इतिहास रचा है।

### सरकार ने बढ़ाई दवाओं की कीमतें

**नई दिल्ली,16 अक्टूबर।** राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने 8 अनुसूचित दवाओं की अधिकतम कीमत बढ़ाने का फैसला किया है. इन दवाओं का इस्तेमाल अस्थमा, टीबी, ग्लूकोमा के साथ-साथ कई अन्य बीमारियों के इलाज में किया जाता है. स्वास्थ्य एवं परिवार मामलों के मंत्रालय ने कहा कि एनपीपीए ने आठ दवाओं के ग्यारह अनुसूचित फॉर्मूलेशन की अधिकतम कीमतों को उनकी मौजूदा अधिकतम कीमतों से 50% बढ़ाने को मंजूरी दे दी है. इससे पहले एनपीपीए ने 2019 और 2020 में 21 और 9 फॉर्मूलेशन दवाओं की कीमतों में 50% की बढ़ोतरी करने का फैसला किया था. धीमी हृदय गति के उपचार के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एट्रोपिन इंजेक्शन (0.6 मिलीग्राम/एमएल) टीबी के उपचार के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला इंजेक्शन पाउडर स्ट्रेप्टोमाइसिन (750 मिलीग्राम और 1000 मिलीग्राम फॉर्मूलेशन),अस्थमा की दवा साल्बुटामोल 2 मिलीग्राम और 4 मिलीग्राम की गोलियां.

## मस्जिद में 'जय श्री राम' के नारे लगाना अपराध नहींः हाईकोर्ट

**बेंगलुरु,16 अक्टूबर।** मस्जिद में 'जय श्री राम' के नारे लगाने से किसी समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत नहीं होती है। साथ ही धार्मिक भावनाओं का अपमान नहीं होता हैज. ये बातें कर्नाटक हाई कोर्ट ने मस्जिद में 'जय श्री राम' के नारे लगाने के मामले में सुनवाई करते हुए कही। कोर्ट ने इस आधार पर दो आरोपियों (कीर्तन कुमार और सचिन कुमार) के खिलाफ चल रहे आपराधिक मामले को खारिज कर दिया है। कर्नाटक हाई कोर्ट के इस फैसले ने नई बहस को छेड़ दिया है। क्या कोई दूसरे धर्म या समुदाय का इंसान किसी दूसरे धर्म के धार्मिक स्थलों पर अपने धर्म से संबंधित नारा लगा सकता है?

दरअसल पूरा मामला सितंबर 2023 के कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में दर्ज किया गया था.मामले में शिकायतकर्ता का आरोप था कि दोनों आरोपियों ने एक रात मस्जिद में घुस कर 'जय श्री राम' के नारे लगाए। इस पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 295A, 447, और 506 के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, धारा 295A उन अपराधों से संबंधित है, जो जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण तरीके से किसी समुदाय की धार्मिक भावनाओं का अपमान करते हैं। जय श्री राम' का नारा लगाने से किसी भी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंची है।




## एसआई भर्ती का रास्ता साफ

### हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को 15 दिनों में परिणाम जारी करने के दिए निर्देश

**बिलासपुर,16 अक्टूबर।** कई महीनों से आंदोलन कर रहे SI भर्ती के अभ्यर्थियों के लिए अब हाई कोर्ट ने रास्ता साफ कर दिया है. हाईकोर्ट जस्टिस एन.के. व्यास के सिंगल बेंच ने राज्य सरकार को 975 पोस्ट के लिए परिणाम जल्द जारी करने के आदेश दिए हैं. हाईकोर्ट ने आगामी 15 दिनों के भीतर स्ढ्ढ भर्ती परीक्षा के रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया है. बता दें, छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार के दौरान साल 2018 के अगस्त महीने में कुल 655 पदों के लिए एसआई भर्ती की प्रक्रिया शुरू हुई थी. इसमें सूबेदार, सब इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर, सब इंस्पेक्टर (विशेष शाखा) समेत कई अन्य पदों की भर्ती होनी थी. 2019 में सरकार भी बदल गई लेकिन परीक्षा आयोजित नहीं हुई. इसके बाद राज्य की नई सरकार (कांग्रेस) ने साल 2021 के अक्टूबर में 975 पोस्ट के लिए नए सिरे से विज्ञापन जारी किया था. एसआई भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया जून 2022 में शुरू हुई और 8 सितंबर 2023 तक चली. इस दौरान शारीरिक नापजोख जून-जुलाई 2022 में हुआ, प्रारंभिक परीक्षा 29 जनवरी 2023 को आयोजित की गई, जबकि मुख्य परीक्षा 26 मई से 29 मई 2023 तक हुई. इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा 18 से 30 जुलाई 2023 के बीच आयोजित की गई, और अंत में इंटरव्यू 17 अगस्त से 8 सितंबर 2023 के बीच लिया गया. परीक्षा को पूरा हुए 1 साल से अधिक हो गया, इस बीच एक बार फिर सरकार बदल गई. 2023 में भाजपा ने फिर से सरकार बनाई, लेकिन अब तक परीक्षा के परीणाम जारी नहीं हुए. आज 16 अक्टूबर को हाई कोर्ट ने एक बार फिर राज्य सरकार को 15 दिनों के भीतर परीक्षा परीणाम जारी करने के आदेश दिए हैं.

### लोहारीडीह अग्निकांड : शिव प्रसाद की हत्या में शामिल 4 बंदी

**कवर्धा,16 अक्टूबर।** लोहारीडीह अग्निकांड मामले में नया मोड़ आया है. मध्यप्रदेश के बीजाटोला गांव के खार में शिव प्रसाद उर्फ कचरू साहू की लाश फांसी के फंदे पर लटकती हुई मिली थी. पुलिस ने मामले में जांच के बाद खुलासा किया है कि कचरू साहू ने आत्महत्या नहीं की थी, बल्कि उसकी हत्या कर आरोपियों ने इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की थी और फांसी के फंदे में लटका कर फरार हो गए थे. इस मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इस हत्याकांड में बिरसा पुलिस (मध्यप्रदेश) ने मृतक रघुनाथ साहू के बेटे दिनेश साहू सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है.



रायपुर,16 अक्टूबर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बिहार के वन एवं सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने की सौजन्य मुलाकात की।

## त्रिपुरा में भी सांप्रदायिक हिंसा,इंटरनेट सेवा बंद

**त्रिपुरा,16 अक्टूबर।** मणिपुर के बाद अब पूर्वोत्तर के एक और राज्य त्रिपुरा से हिंसा की खबर सामने आई है। त्रिपुरा के उत्तरी जिले के पेकुरचेरा गांव में भारी बवाल हो गया है। भीड़ ने मंगलवार को मंदिर और मस्जिद को निशाना बनाया। इसके बाद दो समुदायों में सांप्रदायिक हिंसा फैल गया। इसके बाद प्रशासन ने मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी है। वहीं पुलिस अधीक्षक को हटा दिया गया है। हालात अभी भी तनाव पूर्ण बने हुए हैं। जानकारी के मुताबिक यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब कुछ दिन पहले ही दुर्गा पूजा के चंदे को लेकर दो समुदायों के बीच झड़प हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 17 अन्य घायल हो गए थे। शख्स की गोली लगने से मौत हो गई थी। कदमतला में पूजा के लिए चंदा जुटाने को लेकर झड़प हुई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना में मरने वाले व्यक्ति की पहचान शाहीन के रूप में हुई है। मृतक का शव पुलिस द्वारा कथित तौर पर स्थिति को नियंत्रित करने और व्यवस्था बहाल करने के दौरान हुई कार्रवाई के बाद पाया गया। रिपोर्ट के अनुसार, इस हिंसक झड़प के दौरान कई निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है और कुछ दुकानों और घरों को लूटा गया और निशाना बनाया गया। लाठीचार्ज के दौरान कई लोग घायल हुए हैं, हालांकि इस मामले में प्रभावित लोगों की सही संख्या अभी तक स्पष्ट नहीं है।



झड़प के बाद, 'त्रिपुरा पुलिस' और 'त्रिपुरा स्टेट राइफल्स' के भारी सुरक्षा बलों को मौके पर तैनात किया गया। जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू की है और अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए लोगों को इकट्ठा होने की अनुमति नहीं दी गई। शाहीन की मौत के मामले की संदिग्ध परिस्थितियों को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।इस मामले में अब तक करीब 8 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गृह सचिव पी. के. चक्रवर्ती ने एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा, ÷उत्तरी त्रिपुरा जिले के कुछ इलाकों में सांप्रदायिक तनाव के कारण एसएमएस और मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अगले 72 घंटों के लिए निलंबित कर दी गई हैं।÷ पुलिस महानिदेशक अमिताभ रंजन ने एक आदेश में कहा कि शिव मंदिर और मस्जिद पर भीड़ ने हमला किया और बढ़ते तनाव के बीच पुलिस अधीक्षक भानुपद चक्रवर्ती को तत्काल प्रभाव से हटाकर पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कानून एवं व्यवस्था) अनंत दास ने बताया कि धलाई जिले के पुलिस अधीक्षक अविनाश राय अगले आदेश तक उत्तरी जिले की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## जयशंकर का भाषण सुनकर हिल गया पूरा पाकिस्तान

**करांची,16 अक्टूबर।** पाकिस्तान में एससीओ की बैठक शुरू हो चुकी है। पाकिस्तानी प्रधान मंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने शासनाध्यक्षों की परिषद के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की। ग्रुप फोटो के बाद पीएम शहबाज ने अपना शुरुआती भाषण दिया। पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने इस्लामाबाद में उच्च स्तरीय शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए सभी सदस्य-राज्यों की सहायता से एकता के माध्यम से समृद्धि की वकालत की और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता, बढ़ी हुई कनेक्टिविटी और सामाजिक के प्रति प्रतिबद्धता जताई। शहबाज शरीफ ने एससीओ शिखर सम्मेलन को ÷हमारे विविध देशों के बीच हमारे संबंधों और सहयोग की ताकत का एक और



प्रमाण करार दिया। पाकिस्तानी पीएम ने कहा कि एक साथ मिलकर, हमारे पास सामाजिक-आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने, क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को बढ़ाने और हमारे नागरिकों के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने की क्षमता है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर, पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ, मंगोलियाई प्रधान मंत्री ओयुन-एर्डीन लवसन्नामसराय और अन्य नेताओं ने इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक से पहले बुधवार को एक पारिवारिक तस्वीर खिंचवाई। पाकिस्तान के पीएम शरीफ ने इससे पहले एससीओ बैठक स्थल पर जयशंकर का स्वागत किया था। जयशंकर आज आयोजित होने वाली एससीओ परिषद के शासनाध्यक्षों की 23वीं बैठक में भाग लेने के लिए पाकिस्तान में हैं। एससीओ बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हम ऐसे समय में बैठक कर रहे हैं जब दुनिया कठिनाई के दौर से गुजर रही है; दो बड़े संघर्ष जारी हैं, जिनका पूरे विश्व पर असर होगा। जलवायु की चरम परिस्थितियां, आपूर्ति श्रृंखला संबंधी अनिश्चितताएं, वित्तीय अस्थिरता जैसे विभिन्न प्रकार के व्यवधान विकास को प्रभावित कर रहे हैं। ऋण गंभीर चिंता का विषय है, विश्व सतत विकास लक्ष्य हासिल करने में पीछे रह गया

## दक्षिण विस में ही लागू रहेगी चुनाव आदर्श आचार संहिता

**रायपुर,16 अक्टूबर।** रायपुर दक्षिण उप चुनाव का बिगुल बज चुका है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने उप चुनाव की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि केवल विधानसभा क्षेत्र में ही आदर्श आचार संहिता लागू होगी. नगर निगम और महानगर होने के कारण पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता नहीं लागू होगी. मतदान के दौरान पांच कंपनियां तैनात रहेगी.




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि 18 से 25 अक्टूबर तक नामांकन भरा जाएगा. 13 नवंबर को मतदान के बाद 23 नवंबर को मतगणना होगी. क्षेत्र के 2 लाख 70 हजार मतदाता विधायक के तौर पर विधानसभा के लिए अपना प्रतिनिधि चुनेंगे. रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2,70,936 हैं, जिनमें से 1,33,713 पुरुष और 1,37,171 महिला मतदाता शामिल हैं. इनके अलावा तृतीय लिंग के 52 मतदाता पंजीकृत हैं. विधानसभा क्षेत्र में सेवा मतदाताओं की संख्या 59 है. उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 253 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे, जिनमें से 10 संगवारी मतदान केंद्र, 5 आदर्श मतदान केंद्र और 5 युवा मतदान केंद्र होंगे. 227 मतदान केंद्र में लाइव स्क्रीनिंग होगी. मतदान के दौरान सुरक्षा के लिए 5 कंपनियां तैनात की जाएगी.

## मिसल बंदोबस्त पेश नहीं करने पर जाति प्रमाण पत्र रद्द करने का आदेश हाईकोर्ट ने किया खारिज

**बिलासपुर,16 अक्टूबर।** हाई कोर्ट ने उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति द्वारा 1950 का मिसल बंदोबस्त पेश नहीं करने पर जाति प्रमाण पत्र रद्द किए जाने के आदेश को खारिज किया है. मामले में कोर्ट ने समिति को नए सिरे से जांच करने की छूट प्रदान की है. दरअसल, बलरामपुर सरगुजा निवासी याचिकाकर्ता विनय प्रकाश एक्का उरांव जाति का है. उन्हें 23 मई 2002 को सरगुजा कलेक्टर कार्यालय से उरांव एसटी का जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया. याचिकाकर्ता का 30 मई 2005 को शासकीय कॉलेज में पुस्तकालय सहायक के पद पर चयन हुआ. उस समय उसने एसटी उरांव जाति का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था. कॉलेज के प्राचार्य ने जाति प्रमाण पत्र सत्यापित कराकर प्रस्तुत करने पत्र जारी किया. जाति छानबीन समिति ने 1950 का मिसल बंदोबस्त प्रस्तुत नहीं करने पर जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने की अनुशंसा की थी. इस पर सरगुजा कलेक्टर ने 26 मार्च 2007 को जाति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया. याचिका पर जस्टिस अमितेन्द्र किशोर प्रसाद के कोर्ट में सुनवाई हुई. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सिर्फ मिसल बंदोबस्त पेश नहीं होने के आधार पर किसी का

## मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को दिया दीपावली तोहफा

**राज्य में महंगाई भत्ता 46 से बढ़कर 50 प्रतिशत**

**रायपुर,16 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के कर्मचारियों को दीपावली का उपहार दिया है. कैबिनेट की बैठक से पहले मुख्यमंत्री ने महंगाई भत्ता 46त्न से बढ़ाकर 50त्न किए जाने की घोषणा की है. अब कर्मचारियों को 4त्न बढ़ाकर महंगाई भत्ता दिया जाएगा. कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का लाभ एक अक्टूबर से मिलेगा. बता दें कि प्रदेश के कर्मचारी लंबे समय से केंद्र के समान डीए दिए जाने की मांग कर रहे थे, जिसपर मुख्यमंत्री साय ने मुहर लगा दी है. मुख्यमंत्री ने आज हेलीपैड में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह महत्वपूर्ण घोषणा की. उन्होंने कहा कि आज एक बड़ा गौरव का विषय है, हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि दीपावली आ रही है राज्य के कर्मचारियों को 46% DA मिल रहा है. उसे केंद्र के सामान करते हुए 4% DA बढ़ा रहे है, अब कर्मचारियों को 50% DA मिलेगा. कर्मचारी फेडरेशन के अध्यक्ष कमल वर्मा ने सरकार के इस निर्णय पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रदेश के कर्मचारियों को दिवाली के पूर्व 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता एक अक्टूबर से देने की घोषणा की है. फेडरेशन इस निर्णय का स्वागत करता है. साथ ही उन्होंने सरकार से मांग किया की है कि महंगाई भत्ता को एक जनवरी 2024 से स्वीकृत किया जाए. फेडरेशन के अध्यक्ष वर्मा ने कर्मचारियों को भी बधाई दिया है. वहीं महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने के इस फैसले पर कांग्रेस वरिष्ठ नेता और पूर्व PCC चीफ **धनेंद्र साहू ने कहा** कि चुनाव को देखते हुए DA बढ़ाने की घोषणा हुई. आगामी दिनों में उपचुनाव-निकाय चुनाव होने हैं. राजनीतिक लाभ लेने के लिए यह फैसला लिया गया है.

## हमारे लोगों और सरकार को बदनाम करने की चल रही साजिशः सीएम

**रायपुर,16 अक्टूबर।** कांकेर में भानुप्रतापपुर से भाजयुमो मंडल अध्यक्ष का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वह नोटों की गड्डियों के साथ कार से सफर करते नजर आ रहा है. वीडियो वायरल होने के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल और कांग्रेस ने सरकार पर जमकर निशाना साधा है. वहीं अब इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि नोटों के बंडल वाले वीडियो का वेरीफाई कर रहे हैं. आजकल फेक वीडियो भी बहुत चल रहा है. हमारे लोग और सरकार को बदनाम करने की साजिश चल रही है. बता दें कि मंगलवार को भानुप्रतापपुर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश सोलंकी का नोटों के गड्डियों के साथ कार में सफर करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. आकाश सोलंकी भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजा पांडे का करीबी माना जाता है.

### सुशासन तो गाड़ियों में नोट बनकर छलक रहा है : भूपेश बघेल

नोटों के गड्डियों के साथ वीडियो पर पूर्व सीएम ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर निशाना साधा था. उन्होंने कहा कि क्या बात है! विष्णुदेव साय जी आपका सुशासन तो गाड़ियों में नोट बनकर छलक रहा है! पहचाना इन्हें जो नोट की गड्डियों के साथ मूछों में ताव दे रहे हैं? लीजिए, आसान कर देता हूं, ये भानुप्रतापपुर भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष आकाश सोलंकी हैं. सुना है बेरोजगार हैं. सामान्य परिवार से आते हैं. अब ये बताइए कि 'सुशासन' में इसकी जांच होगी या वॉशिंग मशीन वाला फॉर्मूला लगेगा? छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर लिखा, भानुप्रतापपुर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश सोलंकी, जो कि कुछ ही महीने पहले बेरोजगार था, वह 70 से 80 लाख रुपये नकद का खुलेआम दिखावा कर रहा है. छोटे से भाजपा कार्यकर्ता के इस दौलत से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इनके बड़े नेता क्या गुल खिला रहे होंगे. क्या भाजपा सरकार की पुलिस, ईडी, आईटी कोई कार्रवाई करेगी या फिर सिर्फ निर्दोष कांग्रेसियों को सताया जाएगा?

**38वां राष्ट्रीय खेल : उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक होंगे** jasclaudius@gmail.com

## एक हाथ में पदक, दूसरे में इनाम की लागू हो नीति

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

हमारे देश में खेलों के प्रति जागरूकता ने खेलकूद से आम जनता का जुड़ाव पैदा कर दिया है। एक प्रश्न अक्सर पूछा जाता है या जिस पर हम आपस में चर्चा करते हैं कि 142 करोड़ की आबादी वाले देश के खिलाड़ी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों 2024 पेरिस में सिर्फ 6 पदक ही क्यों जीत सके? अंतर्राष्ट्रीय स्तर की किसी भी स्पर्धा में से सबसे अधिक ओलंपिक खेलों की प्रतिष्ठा का कोई जवाब नहीं है। आज की परिस्थिति में किसी भी देश की खेलशक्ति का परीक्षण सिर्फ और सिर्फ उसके प्रतिभागियों द्वारा ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में प्राप्त पदकों के आधार पर किया जाता है। भारत ने लंदन 2012 में छः पदक, रियो द जेनेरियो 2016 में दो, 2020 टोक्यों में सात तथा 2024 पेरिस में छः पदक हासिल किए। वैसे 21वीं सदी के सभी ओलंपिक खेलों में भारत ने एक ना एक पदक जीता है उस दृष्टि से हम कह सकते हैं कि हमारे राजनेताओं, खेल प्रशासकों की भूमिका और प्रतिभागियों की कोशिश कुछ हद तक सफल है। खेलकूद में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता पाने के लिए प्रतिभागी की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है इसलिए पहली बात जरूरी है कि जमीनी स्तर से खिलाड़ियों का चयन ईमानदारी से किया जाए। दूसरी बात प्रतिस्पर्धियों को निरंतर अभ्यास के साथ जिला, राज्य, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में नियमित रूप से भाग लेने रहना चाहिए। इस दिशा में केंद्र सरकार की खेलो इंडिया कार्यक्रम अत्यंत प्रशंसनीय है इसके माध्यम से भारत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने में 5 से 8 वर्ष का समय चाहिए। भारतीय ओलंपिक संघ तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियों की अगुवाई में भारत में खेलों का माहौल बन रहा है तथा विशेषकर ओलंपिक खेलों में शामिल प्रमुख 28 खेलों में से लगभग सभी खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत पाने योग्य खिलाड़ी उभरकर आ रहे हैं। आज इस बात को शायद ही कोई स्वीकार करेगा कि एक समय था जबकि भारत के राष्ट्रीय खेलों में प्रदर्शन के आधार पर ओलंपिक खेलों के लिए प्रतिभागी चयनित किए जाते थे। आज परिस्थिति बदल गई है अब राष्ट्रीय स्तर की संबंधित खेल फेडरेशन की स्पर्धाओं और एशियन गेम्स, संबंधित खेलों के एशियाई चैंपियनशिप, ओलंपिक खेलों का चयन आधार बन गया है। 21वीं सदी में इन खेलों के महत्व को कम आंका गया। 2001, 2002 के बाद 2007 में गुवाहाटी, 2011 में झारखंड, 2015 में केरला, 2022 में गुजरात, 2023 में गोवा में ये खेल सम्पन्न हुए। अब 2025 में जनवरी-फरवरी में उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेल होंगे। इन खेलों की तैयारी के लिए छत्तीसगढ़ में क्या प्रयास किए जा रहे हैं इस संबंध में अभी कोई जानकारी नहीं आई है। छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन हो चुका है इसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अध्यक्ष, विक्रम सिसोदिया महासचिव तथा संजय मिश्रा कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। इस नये कार्यकारिणी का गठन अभी बाकी है। छत्तीसगढ़ के ओलंपिक संघ के क्रियाकलाप पिछली कांग्रेस सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की निष्क्रियता के कारण ठप हो गई थी। ऐसी स्थिति में खेल गतिविधियों को पटरी पर लाना होगा। छत्तीसगढ़ की सरकार के साथ मिलकर ओलंपिक संघ को पूरी गंभीरता के साथ पहले तो पता लगाना होगा कि कौन-कौन से खेल हमारे प्रदेश की टीम 38वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने की पात्रता रखती है। फिर उन खेलों के चयनित खिलाड़ियों के लिए व्यवस्थित प्रशिक्षित शिविर का आयोजन करना होगा। यह इसलिए आवश्यक है कि 39वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन छत्तीसगढ़ में होने का संभावना है। वैसे भी 2012 में ही छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ ने यहां 37वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की दावेदारी पेश की थी लेकिन अभी तक फलीभूत नहीं हुई है। अतः जब हम 39वें खेलों के लिए दावेदारी करेंगे तो जरूरी है उत्तराखंड के 38वें राष्ट्रीय खेलों में अधिक से अधिक पदक जीत सके। इसके लिए यह भी जरूरी है कि अभी से उत्तराखंड खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रोत्साहन की नीति की घोषणा करनी होगी। ओलंपिक खेलों में पदक तो तब मलेगा जब राष्ट्रीय फिर एशियाई खेलों में पदक जीत सकें। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद किसी राष्ट्रीय खेल में पदक जीतने के लिए खिलाड़ियों को दिये जाने वाले ईनाम/पुरस्कार के लिए अलग से घोषणा जरूरी है। एक हाथ में पदक लाओ दूसरे हाथ में ईनाम पाओ की नीति लागू करने से किशोर व युवाओं में खेलों के प्रति लगाव बढ़ेगा।



## मंत्रिमंडल उपसमिति की बैठक में निर्णय

### 69 राजनीतिक प्रकरण में 11 निराकृत, 49 कैबिनेट में प्रस्तुत

**रायपुर,16 अक्टूबर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में आज मंत्रिपरिषद उपसमिति की बैठक हुई. इसमें विभिन्न जिलों से प्राप्त विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से सम्बंधित दर्ज प्रकरणों में से 69 प्रकरणों की समीक्षा कर 11 प्रकरणों को निराकृत किया गया. महानदी भवन में सम्पन्न बैठक में मंत्रिपरिषद के उप समिति के सदस्य उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कृषि मंत्री राम विचार नेताम एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित रहे. बैठक में जिन 11 प्रकरणों की अनुशंसा की गई, उन्हें मंत्रिपरिषद के समक्ष आज विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि 7 अगस्त 2024 को मंत्रिमण्डलीय उपसमिति की बैठक में 38 और आज 11 विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से सम्बंधित दर्ज प्रकरणों को आज कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा.



## एक नजर

### कबाड़ से हो रहा है अच्छा जुगाड़



**भिलाईनगर,16 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शासन की महत्वकांक्षी योजनाओ में से एक वेस्ट से बेस्ट यानी जिन चिजो को हम बेकार समझकर फेंक देते है उससे भी अच्छे आकर्षक कलाकृतियां बनाई जा सकती है। इसी को साधारण भासा में कबाड़ से जुगाड कहा जा रहा है। नगर निगम भिलाई के विभिन्न गार्डनो में अनुपयोगी सामानो को लेकर उपयोगी कार्य किया गया है। खाली पड़े पुराने टायर, कुर्सी, सामग्री आदि को मिलाकर उसी को आकर्षक रूप देकर कहीं कुर्सी बनाया गया, झुला बनाया गया, सजावट का सामान बनाया गया। जो आज आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।आयुक्त बजरंग दुबे ने स्वयं पहल की, गार्डन में काम कर रहे कर्मचारियो, स्व-सहायता समूह की महिलाओं को इसके लिए प्रेरित किये है। इसमें उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू भी बड़चड़कर हिस्सा ले रहे है। आयुक्त का कहना है कि जो सामान हमारे लिए अनुपयोगी था उसी को आज पेंट करके, उसमे कुछ जोड़कर अच्छा सुन्दर आकर्षक दिखने वाला सामग्री बन गया है। सब कुछ किया गया है निगम के ही कर्मचारियो द्वारा। बस सकारात्मक पहल की जरूरत होती है।

### युवक ने खुदकुशी कर ली

**भिलाईनगर,16 अक्टूबर।** भिलाई अमलेश्वर थाना क्षेत्र ग्राम जामगांव एम निवासी दुर्गेश ठाकुर (22 साल ) घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें अपनी मौत का कारण लिखा है अमलेश्वर पुलिस मामले की जांच कर रही है दुर्गेश काफी ज्यादा अवसाद में था पिता रेखू ठाकुर ने दूसरी शादी कर ली थी कुछ दिन पहले उसकी बहन ने भी किसी से लव मैरिज कर ली थी इसके बाद से वह अपने परिवार में बिल्कुल अकेला सा हो गया था और अवसाद में चला गया था वह किसी से भी ज्यादां बात नहीं करता था उसने सुसाइड नोट में इन्हीं कारणों के चलते आत्महत्या करने की बात लिखी है सूचना पर अमलेश्वर पुलिस ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भिजवाया।

### युवती ने घर में खुदकुशी की

**भिलाईनगर,16 अक्टूबर।** भिलाई पुलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कोलिहापुरी निवासी ईश्वरी देशमुख की बेटी सुनीता देशमुख (26 साल ) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परिवार वालों ने पुलगांव पुलिस को इसकी जानकारी दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम करवाकर स्वजन को सौंपा प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हाल ही में सुनीता की शादी तय हुई थी इसके बाद से वह काफी ज्यादा परेशान रहने लगी थी इसके पहले भी एक बार उसकी शादी तय हो चुकी थी लेकिन टूट गई थी मृतका ने किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं छोड़ा है, जिससे घटना का कारण पुष्ट हो सके बताया जा रहा है कि सुनीता शादी तय होने के बाद से दुखी रहती थी आशंका जताई जा रही है कि उसने इसी कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

### स्कूटी सवारों ने मोबाइल छीना

**भिलाईनगर,16 अक्टूबर।** भिलाई पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि चरोदा निवासी टी. विश्वनाधम (40 वर्ष ) बीएसपी में ठेकेदारी में काम करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीती शाम ड्यूटी से छुट्टी होने के बाद अपने साइकिल से खुर्सीपार गेट से होते हुए अपने घर चरोदा आ रहा था कि दुर्ग रायपुर सर्विस रोड डबरा पारा पुल के पास पहुंचा था कि फोन आने मोबाइल निकालकर बात कर रहा था कि उसी समय पीछे से एक स्कूटी में तीन अज्ञात व्यक्ति आए और पीछे में बैठा हुआ लड़का उसके मोबाइल छीनकर तीनों लड़के स्कूटी से भाग गये स्कूटी का नंबर ठीक से नहीं देख पाया।

### राष्ट्रिय हरित प्राधिकरण ने पटाखों के उपयोग के संबंध में निर्देश जारी किए

**भिलाईनगर।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल, प्रिसिंपल बेंच नई दिल्ली द्वारा पटाखे के उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। प्राप्त दिशा निर्देशानुसार राज्य में केवल हरित पटाखो का विक्रय एवं उपयोग किया जाना है। दिपावली, छठ, गुरू पर्व तथा नववर्ष/क्रिसमस पर पटाखे फोड़े जाने की अवधिक 2 घंटे निर्धारित की गई है। निगम भिलाई क्षेत्र में पटाखे बेचने वाले दुकानदारों को आदेश का पालन करने निर्देश दिया गया है। दुकानदारो को हरित पटाखा बेचने एवं नागरिको को वही पटाखे ही खरीदने के आदेश दिया गया है। जिसके तहत सभी त्यौहार में 2 घंटे ही पटाखे जलाने के निर्देश दिये गये है। जिससे पटाखे जलाते एवं फोड़ते समय निकलने वाले घुओ से पर्यावरण को हानी न पहुंचे।नगर निगम भिलाई क्षेत्र में दीपावली पर्व पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक, गुरू पर्व पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक, नया वर्ष/क्रिसमस पर रात्रि 11:55 से 12:30 बजे तक ही पटाखे फोड़ने का समय निर्धारित किया गया है। कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखा की बिक्री केवल लाईसेन्स ट्रेडर्स द्वारा किया जाना है। केवल उन्ही पटाखों के उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा जिससे ध्वनि स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण को रोकने की कार्यवाही सुनिश्चित किये जाये। ऐसे पटाखा निर्माता जिनके द्वारा पटाखों में लिथीयम, अर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है के लाईसेन्स रदद करने की कार्यवाही को सुनिश्चित की जायेगी। आनलाईन अथवा ई-व्यापारिक वेबसाईट जैसे-फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि के द्वारा पटाखों की बिक्री को प्रतिबंधित किया गया है। पटाखा मंगाना या बेचना आदेश का उल्लंघन माना जायेगा।

# कोलता समाज दूसरे समाजों को प्रेरणा देने वाला:सीएम साय



**महासमुंद 16 अक्टूबर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज बसना विकासखंड के गढ़फुलझर में बाबा बिसाशहे कुल कोलता समाज द्वारा आयोजित बाबा बिसाशहे कुल कोलता समाज वार्षिक स्नेह सम्मेलन व बंधु मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय रामचंडी मंदिर पहुंच कर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श्री दयाल दास बघेल, श्री ओ.पी. चौधरी, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक श्री सम्पत अग्रवाल, महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा, सरायपाली विधायक श्रीमती चातुरी नंद मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कोलता समाज द्वारा आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में शामिल होना सौभाग्य की बात है। सौभाग्य है कि आप सबका दर्शन लाभ लेने आए है। उन्होंने कोलता समाज को रामचंडी दिवस और शरद पूर्णिमा की बधाई दी। कोलता समाज द्वारा मुख्यमंत्री का हुलहुली बजाकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह समाज बड़ा शिक्षित, समृद्ध है। यह समाज भारतीय समाज, संस्कृति एवं परंपरा को लेकर चलने वाला समाज है, जो दूसरे समाज को प्रेरणा देने वाला समाज है, कृषक समाज है। उन्होंने कहा कि ओडिशा की संस्कृति प्राचीन संस्कृति है और छत्तीसगढ़ मुख्य रूप से सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक रूप से इस राज्य से जुड़ा है। दोनों प्रदेश के लोगों का रोटी-बेटी का संबंध है। दोनों के आचार-विचार मिलते हैं। साय ने कहा कि मोदी जी की गारंटी के अनुरूप हम काम कर रहे है। तेंदूपत्ता संग्रहण के माध्यम से 13 लाख परिवारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, जिससे आदिवासी और वनवासी समुदायों की आजीविका को बढ़ावा मिल रहा है। रामलला दर्शन योजना से लाखों श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा और दर्शन की सुविधा दी जा रही है, जिससे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने युवाओं से नशा के खिलाफ जागरूक होने की अपील की, जिससे समाज स्वस्थ और प्रगतिशील बन सके। उन्होंने सभी को शासकीय योजना का लाभ लेने आह्वान भी किया और कहा कि समाज के सभी वर्ग सामने आएं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने गढ़फुलझर मे सर्व समाज मंगल भवन के लिए 50 लाख रूपये की घोषणा की। उन्होंने कहा कि रामचंडी गढ़ फुलझर क्षेत्र को पर्यटन के रूप मे विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उड़ीसा और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली सड़क को बेहतर और उन्नत बनाया जाएगा, जिससे परिवहन और संपर्क में सुधार होगा, और दोनों राज्यों के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध मजबूत होंगे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने सभी समाज के लिए सर्व मंगल भवन के लिए घोषणा के लिए अनुरोध किया।इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 21 क्विंटल धान की खरीदी का प्रबंध किया है, साथ ही किसानों को बोनस भी प्रदान किया जा रहा है। 18 लाख गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की योजना है। 9 लाख 25 हजार गरीबों को पहली किश्त वितरित की गई है। 70 लाख महिलाओं (दीदियों) को हर महीने 1,000 रुपये की सहायता दी जा रही है। ऐसे मुख्यमंत्री का अभिनन्दन है।सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि यहां मौजूद होना सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर उन्होंने उड़ीसा और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली सड़क के उन्नयन की मांग की।बसना विधायक श्री सम्पत अग्रवाल ने कहा कि रनेश्वर रामचंडी मंदिर सिद्ध मंदिर है। यहाँ जो भी मन्नत मांगी जाती है पूरी होती है। यह क्षेत्र आदिवासी राजा का गढ़ रहा है। उन्होंने इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने और कोरिडोर बनाने की मांग की है। पद्मपुर से गढ़फुलझर सड़क को कृषि महाविद्यालय खोलने सर्व जन मंगल भवन, 100 बिस्तर अस्पताल, बसना मे ट्रामा सेंटर, अधूरे जोक परियोजना, फुलवारी ग्राम को राजस्व रिकॉर्ड मे दर्ज करने की मांग उनके द्वारा की गई। कार्यक्रम मे पूर्व सांसद श्री चुन्नी लाल साहू, पूर्व राज्य मंत्री श्री पूनम चंद्राकर, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू सहित समाज के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या मे श्रद्धांलुगण मौजूद थे।मान्यता है कि प्रभु श्रीराम जी द्वारा रावण से रण में विजय पाने हेतु देवी की 9 दिन तक देवी की उपासना की गई थी। राम साधक के रूप के कठोर साधना कर चंडी को प्रसन्न किये, उनसे विजयी होने का आशीर्वाद प्राप्त किया। उसी समय से देवी के उस स्वरुप का नाम रनेश्वर रामचंडी पड़ा। माता रनेश्वर रामचंडी बाबा बिशा सहे कोलता समाज की कुल देवी के रूप में फुलझर के गढ़ में प्रतिष्ठित हैं। जहाँ एक और राजा तालाब और एक और रानी तालाब है। यहाँ आदिवासी भैना राजा का राज्य था. जिन्होंने गुरु नानक देव जी को 4 एकड़ भूमि देकर एवं गांव का नाम नानक सागर कर सम्मानित किया। सन 2004 में रनेश्वर रामचंडी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई। तब से प्रत्येक वर्ष रामचंडी दिवस का आयोजन धूमधाम से होता हैं। यह आयोजन का 20वा वर्ष है। छत्तीसगढ़ में 306, गांव में कोलता समाज निवासरत है। जिसे 4 अंचल में विभाजित किया गया है, जिसके अंतर्गत 30 शाखा सभा आते हैं, प्रत्येक 100, व्यक्ति में एक ग्राम प्रतिनिधि होते हैं. कोलता समाज प्रमुख रूप से कृषि कार्य करते हैं. सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और परंपरा तथा जड़ से जुड़े रहने वाले होते हैं। शिक्षा के प्रति विशेष आग्रह रखने वाले, धार्मिक तथा सेवाभावी होते हैं। रामचंडी दिवस में छत्तीसगढ़ के 8 तथा ओड़िसा के 12 जिले के लोग उपस्थित होते होते हैं. इस कार्यक्रम में कोलता समाज के अलावा अन्य समाज के लोग भी उपस्थित होते हैं। यह पर्व और माता का यह स्वरूप शक्ति और मर्यादा का समन्वित रूप है।

# नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ



**गरियाबंद, 16 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने हेतु जारी कार्यक्रम अनुसार आज जिले के नगरीय निकायों के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर को किया जाएगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि जिले के पांचों नगरीय निकायों में प्रत्येक में 15 वार्ड है। इस प्रकार जिले के कुल 75 नगरीय निकाय वार्डो में 75 मतदान केंद्र बनाए गए है। 1 जनवरी 2024 अर्हता तिथि के संदर्भ में प्रारम्भिक प्रकाशन के अनुसार पांचों नगरीय निकायों में कुल 35 हजार 788 मतदाता पंजीकृत है। इनमें 17 हजार 190 पुरुष एवं 18 हजार 595 महिला मतदाता शामिल है। मतदाता सूची अनुसार नगर पालिका परिषद गरियाबंद में 8 हजार 14, नगर पंचायत राजिम में 10 हजार 875, नगर पंचायत फिंगेश्वर में 6 हजार 947, नगर पंचायत छुरा में 5 हजार 64 एवं नगर पंचायत कोपरा में 4 हजार 888 मतदाता पंजीकृत है।सूची का प्रकाशन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एडीएम कार्यालय गरियाबंद, छुरा एवं राजिम तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसील कार्यालय गरियाबंद, छुरा, राजिम, फिंगेश्वर एवं नगरीय निकाय कार्यालय गरियाबंद, छुरा, फिंगेश्वर, राजिम एवं कोपरा में किया गया है। आमजन मतदाता सूची में अपना नाम का अवलोकन कर सकते है।

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने इस संबंध मे प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची प्रकाशन के पश्चात अब मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन का अभियान चलेगा। मतदाता सूची में मतदाता अपने नाम की जांच कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में नहीं है या उसमें किसी प्रकार की त्रुटि है, तो वे सुधरवा सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने इसके लिए एक विशेष प्रक्रिया निर्धारित की है, जिसके तहत मतदाता सुधार, नाम जुड़वाने या हटाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। तत्पश्चात इस दौरान प्रेस वार्ता में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश गोलछा सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। तत्पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से इस अभियान में जागरूक होकर भाग लेने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया जाएगा। साथ ही 24 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक दावा आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। दावा आपत्ति के निराकरण की अंतिम तिथि 4 नवंबर निर्धारित की गई है। इसके पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 29 नवंबर को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जाबो अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्य किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला स्तर पर नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। जिनके द्वारा जाबो के तहत मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार किए जा रहे हैं।

### बीएसपी कर्मी के घर में चोरी

**भिलाईनगर,16 अक्टूबर।** भिलाई खुर्सीपार थाना अंतर्गत दशहरा देखने गए बीएसपी कर्मी के घर से सोने. चांदी के आभूषण की चोरी हो गई रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 305ए 331;4द्ध बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है खुर्सीपार थाना पुलिस ने बताया कि सड़क 17 जोन 1 खुर्सीपार निवासी डीण् हेमराज ;32 वर्षद्ध बीएसपी में नौकरी करता है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 अक्टूबर की अपने घर के सामने वाले दरवाजा में ताला लगाकर परिवार समेत खुर्सीपार आईटीआई मैदान में दशहरा देखने गया था रात करीब 10ण्30 बजे अपने परिवार के लोगों के साथ घर वापस पहुंचा। अंदर जाकर देखा तो कोई अज्ञात चोर किचन के ऊपर वाले एक शीट को तोड़कर किचन के रास्त घर में प्रवेश किया कमरे में रखी आलमारी को खोलकर लाकर को तोडकर आलमारी में रखी 2 सोने की अंगूठीए 1 नग सोने की नेकलेश 1 जोड़ी सोने का झुमकाए 1 जोड़ी सोने का छोटा झुमकाए 3 नग सोने की चेन एक में लाकेट लगा हुआ एवं दो चेन में लाकेट नहीं लगा हैए 1 नग सोने का रानी हारए 2 नग सोने का कान का टाप्स छोटाए कीमती 60ए000 रूपये को कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के घर अंदर प्रवेश कर चोरी कर ले गया।

# नवरात्रि में शांति व यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया पुलिस वालों का सम्मान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 16 अक्टूबर।** नवरात्र के 9 दिनो तक शहर मे शांति व्यवस्था कायम रखने एवं यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने मे पुलिस ने कडी मेहनत की,जिसके कारण नवरात् के अलावा विजयादशमी महोत्सव की अत्यधिक भीड होने के बाद भी किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नही हो पायी। दुर्गा विर्सजन के दिन भी पुलिस की बेहतर व्यवस्था थी,जिसके कारण विसर्जन के दौरान निकलने वाली सात से भी अधिक झांकियो को कही भी परेशानी का सामना करना नही पडा। पुलिस की बेहतर व्यवस्था को देखने के बाद शहर के दुर्गा पंडाल की समिती की ओर से पुलिस का सम्मान किया गया। रायगढ रोड अग्रसेन चौक के पास विराजमान मां जगत जननी के पंडाल की मां भगवती दुर्गा उत्सव समिती की ओर से यहा के थाना जाकर एस.डी.ओ.पी धुव्रेश जायसवाल,थाना प्रभारी विनीत पांडे एवं अन्य थाना कर्मचारीयों का सम्मान किया गया,इस दौरान समिती के सदस्य सुशील अग्रवाल,सुनील अग्रवाल,अनिल अग्रवाल,हेमंत अग्रवाल,पप्पल गोयल,नरेश अग्रवाल,झब्बु अग्रवाल,प्रवीण गर्ग,बंटी सिन्हा,धीरज अग्रवाल, साकेत अग्रवाल,हरिओम अग्रवाल,सिटु अग्रवाल,मानु अग्रवाल,पंकज अग्रवाल,मोनु अग्रवाल,आयुष अग्रवाल के अलावा अन्य समिती के सदस्य मौजुद रहे,इन सदस्यो का कहना था कि पुलिस की बेहतर व्यवस्था एवं शहर मे सभी धार्मिक आयोजन निर्विघ्न संपन्न होने मे पुलिस की बहुत बडी भूमिका सामने आयी है। उन्होने पुलिस जवानो का सम्मान कर स्वयं को गौरांवित महसूस किया। इस मौके पर एस.डी.ओ.पी धुव्रेश जायसवाल का कहना था कि पुलिस प्रशासन एवं नागरिको के बीच बेहतर समन्वय रहने से कानून व्यवस्था मे बनाने मे सहयोग मिलता है।।

चैन स्नैचिंग मे मिली सफ्लता-ःमां भगवती दुर्गा उत्सव समिती के युवा सदस्य प्रवीण गर्ग ने विजयादशमी के दिन चैन स्नैचिंग मे संलिप्त दस महिलाओ को 24 घंटे के अंदर पकडकर उन्हे सलाखो के पीछे भेजने पर पुलिस की प्रशंसा की। उनका कहना था कि दो सालो से धार्मिक त्यौहार के दौरान शहर मे चैन स्नैचिंग की घटनायें बढ रही थी,जिस पर पत्थलगांव पुलिस ने कार्यवाही करते हुये आरोपियों को सलाखो के पीछे भेजा।

# बैंक परिसर में नशायुक्त पदार्थ का इस्तेमाल न करें : मुख्य प्रबंधक



**कवर्धा, 16 अक्टूबर।** सुबह सुबह तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार निराला ने बताया की पीएम सुरक्षा बीमा योजना , पीएम जीवन ज्योति योजना , अटल पेंशन योजना बीमा के प्रति लोगों में जागरूकता आ रही है और अधिक से अधिक लोग जुड़े । नशा मुक्त अभियान पर उन्होंने कहा कि बैंक परिसर और बैंक के आसपास नशा युक्त पेय पदार्थ का प्रयोग ना करे ग्राहकों से विनम्र अपील है । नशा युक्त पेय पदार्थ का इस्तेमाल करेंगे तो जुर्माना भविष्य में लगेगा ।

### करवाचौथ के लिए बाजार तैयार



**कवर्धा, 16 अक्टूबर।** करवा चौथ त्यौहार बीस अक्टूबर को है लेकिन आज से बाजार तैयार हो चुकी दिख रही है । मनीषा और सुनीता ने बताया की करवा साठ रुपया जोड़ी ओर चालनी साठ रुपया ओर व्रत कथा वाली किताब ओर फोटो की कुल कीमत पचास रुपया ओर श्रृंगार सामग्री बीस रुपया का है । फिलहाल ग्राहकों की कमी दिखी ओर दुकानदारों ने कहा की उम्मीद है की बहुत सारे ग्राहक आयेंगे और करवा चौथ की पूजा सामग्री खरीदेंगे ।

### अधिकतर वार्डों में चुनाव लड़ेंगे युवा चेहरे









**कवर्धा, 16 अक्टूबर।** कवर्धा शहर में कई युवा चेहरे चुनाव लडेंगे जिसकी चर्चा हो रही है । सुनील साहू , नवीन ठाकुर , दुर्गेश साहू , श्रीमती कमलेश चंद्रवंशी चुनाव लड़ सकते है । वैसे मुद्दे की बात करे तो बिजली , महंगाई , विकास ओर स्वच्छता प्रमुखता से शामिल होंगे और गुटबाजी भी मुद्दा हो सकती है ।

### आखिर क्यों भूल जाते है डस्टबिन में कचड़ा डालना कई लोग



**कवर्धा, 16 अक्टूबर।** जहां लिखा है कचड़ा डालना मना है वहीं फिर भी सड़क पर कचड़ा डाल रहे है आखिर किसे दोष दे ।



**कवर्धा, 16 अक्टूबर।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कवर्धा के प्रांगण में मुख्य प्रबंधक धर्मेंद्र निराला के मार्गदर्शन में एक वृक्ष मां के नाम किया गया पौधा रोपण।

### आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन : विनोद

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेशाध्यक्ष (पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक) विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने धमतरी के डीपीएस स्कूल में अध्ययनरत चंद्राकर समाज के छात्र के साथ ट्रेन में की गई मारपीट की घटना को अत्यंत निंदनीय बताते हुए शीघ्र आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग शासन-प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो चंद्राकर समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।चंद्राकर ने कहा कि ऐसी जानकारी मिली है कि धमतरी डीपीएस स्कूल के 171 छात्र और 17 शिक्षक एडवेंचर ट्रेकिंग के लिए नैनीताल गए थे, और घटना उस वक्त की है जब वे ट्रेन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बच्चों के मामूली विवाद पर शराब के नशे में उनके साथ गए बाहरी व्यक्ति इंदौर निवासी श्रीमाली राय द्वारा अश्लील गाली-गलौच करते हुए चंद्राकर समाज के छात्र से मारपीट की गई। साथ ही अन्य बच्चे के हाथों छात्र को चप्पल से पिटाई कराई गई।

# छत्तीसगढ़ के विकास पुरुष है डॉ. रमन सिंह : मुख्यमंत्री साय

राजनांदगांव, 16 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में शिरकत की। मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने देर रात्रि तक कवि सम्मेलन में कविता पाठ का आनंद लिया। मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने सभी कवियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीमती सीमा गर्ग द्वारा लिखित हमारी संस्कृति हमारी धरोहर'' किताब का विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास, हास्य कवि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, गीत एवं गजल गायिका डॉ. सुमन दुबे, वीर रस की कवयित्री कविता तिवारी, हास्य कवि श्री दिनेश बावरा ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया। कविता, गीत, गजल एवं हास्य कविताओं के इस खुशनुमा लम्हों के राजनांदगांव नगरवासी साक्षी बने।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके स्वस्थ, सुदीर्घ, खुशहाल एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि आज 15 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। डॉ. रमन सिंह छत्तीसगढ़ के विकास पुरूष हैं, उन्होंने 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की सेवा की है। उनका जन्मदिन मनाने के लिए राज्य के मंत्री, सांसद, विधायक और दूर-दूर से जनप्रतिनिधिएवं जनसामान्य एकत्र हुआ है। मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव की भूमि को प्रणाम करते हुए कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जन्म कबीरधाम जिले में हुआ था, लेकिन संस्कारधानी राजनांदगांव उनकी कर्मभूमि है। राजनांदगांव की जनता ने उन्हें विधायक, सांसद, केन्द्रीय मंत्री,



तीन बार मुख्यमंत्री और वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया, लेकिन उसे संवारने और गढने् का कार्य डॉ. रमन सिंह ने किया और 15 वर्षों में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ। वे गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए चऊरवाले बाबा के नाम से जाने गए। यही कामना है कि आगे भी उनका मार्गदर्शन मिलता करते रहे। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि आज देश के सुप्रसिद्ध कवियों का कविता पाठ सुनने का अवसर मिलेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज सुबह से रात तक रायपुर से राजनांदगांव तक सभी ने जन्मदिन पर जो स्वागत किया उसके लिए अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले ने उन्हें एक नई पहचान दी है और परिवर्तन की यात्रा राजनांदगांव की धरती से प्रारंभ हुई, जिसके लिए उन्होंने सभी का आधार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की धरती में जो कोई आता है, उसका विकास होता है। उन्होंने कहा कि राजा घासीदास और बलराम दास ने राजनांदगांव शहर का आधार रखा और इस नगरी की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान है। यह नगरी साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र, गजानंद माधव मुक्तिबोध की नगरी है। यहां नंदूलाल चोटिया, कुंज बिहारी चौबे और गणेश खरे जैसे साहित्यकार रहे है। यहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह ने राजनांदगांव में जन्म लेकर स्वतंत्रता के लिए आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने सफल फिल्मकार किशोर साहू, दाऊ खुमान साव, दाऊ मंदरा जी जैसी हस्तियों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव मेरा अभिमान और मेरा स्वाभिमान है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय किसानों के जीवन में परिवर्तन लेकर आये है। उन्होंने किसानों के लिए जो घोषणा की उसका क्रियान्वयन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 3100 रूपए में धान खरीदी, 21 क्विंटल धान खरीदी, दो साल का बोनस, 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित कर रहे हैं। प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास ने एक से बढ़कर एक कविताएं सुनाई, जिसे सुनकर श्रोता अभिभूत हुए। हास्य कवि श्री दिनेश बावरा एवं पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे की कविताओं ने श्रोताओं को खूब हंसाया। पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे ने अपने हास्य व्यंग्य के चिर परिचित अंदाज में छत्तीसगढ़ी में कविता सुनाई। कार्यक्रम के प्रारंभ में वीर रस की कवियित्री सुश्री कविता तिवारी ने माँ शारदा की वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री श्री विजय शर्मा, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप, खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री श्री टंकराम वर्मा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यन्वयन मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल, वाणिज्य-उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन देवांगन, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री धरमलाल कौशिक, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, श्री महेश गागड़ा, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी व बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### पटाखा दुकान के लिये आवेदन व अस्थायी भूखण्ड शुल्क जमा करने 22 अक्टूबर अंतिम तिथि

**राजनांदगांव ,16 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली में फटाका दुकान लगाया जाना है जिसके लिए नगर निगम द्वारा लायेसेंसी फटाका व्यवसायियों से अस्थाई भूखण्ड शुल्क जमा करने 22 अक्टूबर 2024 तक तिथि निर्धारित किया गया है। शुल्क जमा उपरांत लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखण्ड आबंटन की कार्यवाही की जावेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुये निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष फटाका दुकान लगाये जाने प्रक्रिया की जा रही है। प्रक्रिया के तहत नगर निगम द्वारा फटाका दुकान के लिए लायसेंसी फटाका व्यवसायियों से 22 अक्टूबर 2024 मंगलवार को दोपहर 1:00 बजे तक वर्तमान नवीनीकृत लायसेंस वर्ष 2024-25 की स्व प्रमाणित प्रतिलिपि एवं छत्तीसगढ़ वस्तु व सेवाकर अधिनियम 2017 की धारा 24 (2) अंतर्गत साधारण टैक्स पेयर के तहत जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति के साथ आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के लिये आवेदन शुल्क एवं अस्थायी भूखण्ड आबंटन शुल्क राशि रूपये 4590.00 (चार हजार पॉच सौ नब्बे रूपये मात्र) देकर आवेदन प्राप्त कर जमा किया जायेगे। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि आवेदनों के परीक्षण उपरांत दुकानों के लिये अस्थाई भूखण्ड का आबंटन नम्बरिंग लाटरी के माध्यम से किया जावेगा। आबंटन तिथि की सूचना पृथक से दी जावेगी। उन्होंने कहा कि फटाका व्यवसायियों को 4590.00 रूपये का रसीद लेकर लाटरी में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। लाटरी के पूर्व निर्धारित तिथि 22 अक्टूबर 2024 तक शुल्क जमा करना होगा। नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी राजस्व विभाग के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है, जिसका अलोकन किया जा सकता है।

### बैरागीभेडी में कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

**छूरिया ,16 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।**ग्राम बैरागी भेडी में आयोजित एक



दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि रहे यूवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सोहन साहू ने कहा का कबड्डी का खेल शरीर व स्वास्थ्य के लिए लिए लाभदायक है आगे साहू ने कहा यहां खेल प्रत्येक ग्रामो में होना चाहिए कार्यक्रम का अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव ने किया विशेष अतिथि रहे उपसरपंच राम लाल साहू उभे ठाकुर सुखराम कतलम मुनिम साहू संतोष कुंजाम व ग्राम पंचायत के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे.

### धूमधाम से मनाया गया दशहरा

**डोंगरगढ़,,16 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** श्री श्री कान्हा दशहरा उत्सव समिति न्यू सेक्टर अछोली द्वारा स्कूल मैदान में भव्य आतिशबाजी के साथ(28 वा वर्ष ) रावण दहन किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि जैन कुमार मेश्राम, सौमित्र सोनी, प्रिंस, योधन दास साहू, उपकार दास साहू, घनश्याम साहू, फिरंगी राम पटेल, की उपस्थित में 55 फ़ीट रावण के पुतले दहन का कार्यक्रम आरंभ किया गया कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों द्वारा भगवान श्री राम के चित्र पर फूल माला अर्पित का पूजा



अर्चना के साथ आरंभ किया गया तत्पश्चात भैंसारा के रामलीला मंडली द्वारा रामलीला वेशभूषा में सजधर कर गांव के विभिन्न चौक चौराहा का भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल स्कूल मैदान पहुंची जहां मनमोहक रामलीला का आयोजन के साथ जोरदार आतिशबाजी के साथ 55 फ़ीट रावण दहन किया गया कार्यक्रम के अंतिम चरणों में विशिष्ट अतिथियो द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयदशमी के पर्व से हमें सीख लेनी चाहिए कि सत्य का मार्ग कठिन होता है मगर अंतिम क्षण में सत्य ही विजय होता है इसलिए प्रत्येक मानव जाति को सद्मार्ग का रास्ता को ही अपनाना चाहिए वहीं रात्रि में 11ः00 से भक्ति में वातावरण के साथ जस झांकी की भी मनमोहन झलकीय प्रस्तुत की गई इस दौरान कार्यक्रम में भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही वही कार्यक्रम के समापन पश्चात् कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र गुप्ता, दसेंद्र कैसे,रमन साहू, प्रेमदास साहू घनश्याम निषाद, चंदन बांधे, टूमेश पटेल, आदि ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने हेतु दानदाताओं, ग्राम वासियों एवं दर्शकों एवं पुलिस प्रशासन का धन्यवाद दिया है

### गन्दगी और कचरा फैलाने पर जुर्माना करने के दिए निर्देश

**रायपुर,16 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन 4 क्षेत्र के तहत राजीव आवास योजना क्षेत्र, स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब, निगम के नीलाभ उद्यान परिसर, कलेक्टोरेट परिसर में गार्डन क्षेत्र का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर अपर आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, जोन 4 जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव एवं अन्य सम्बंधित निगम अधिकारियों की उपस्थिति में किया। आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने विभिन्न स्थानों की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

## मानवीय दृष्टि से सीआरसी सेंटर का निर्माण सबसे बड़ा पुण्य का कार्य:डॉ. रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव 16 अक्टूबर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने जन्म दिवस के अवसर पर कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ठाकुरटोला राजनांदगांव में दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचकर अपना जन्मदिन मनाया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छोटे दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर केक काटा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को सीआरसी सेंटर के दिव्यांग बच्चों एवं शिक्षकों ने जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल एवं सहायक उपकरण वितरण किया। इस दौरान सांसद श्री संतोष पाण्डेय उपस्थित थे।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ठाकुरटोला के दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर खुशी हो रही है। इससे बड़ी खुशी बड़े से बड़े कार्यक्रम में नहीं मिल सकती है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) की कल्पना तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री श्री थावरचंद गहलोत ने की थी तथा इसकी स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में सीआरसी सेन्टर की कल्पना किसी ने नहीं की थी। छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा सीआरसी सेंटर राजनांदगांव में बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि मानवीय दृष्टि से सीआरसी सेंटर का निर्माण सबसे बड़ा पुण्य का कार्य हुआ है। छत्तीसगढ़ का ऐसा केन्द्र होगा जहां कृत्रिम अंग का निर्माण होगा। मानसिक एवं बौद्धिक दिव्यांगता को दूर करने के लिए प्रशिक्षण होगा। उन्होंने बताया कि यहां डिप्लोमा कोर्स की शुरूआत होगी। यहां से बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर पूरे हिन्दुस्तान में कार्य कर सकते हैं। उसके लिए शासन की मंजूरी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ में जयपुर और अन्य स्थानों से कृत्रिम अंग लाया जाता था, उसकी जरूरत नहीं पड़ेगी, उसका निर्माण यही होगा। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव एवं इस पूरे क्षेत्र के नागरिक जिनको भी ज्वाइंट की दिक्कत है, फेक्कर, कमर और अन्य अंग में समस्या आने पर उनको चलने में दिक्कत आती है। यह केन्द्र उनके लिए बहुत बड़ा सहारा बनेगा। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने भी संबोधित किया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जन्म दिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री प्रदीप गांधी, जिला सहकारी केन्द्र बैंक के अध्यक्ष श्री सचिन बघेल, श्री रमेश पटेल, आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल शर्मा, एसडीएम श्री अतुल विश्वकर्मा सहित सीआरसी सेंटर के दिव्यांग बच्चे, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन पर दी हार्दिक बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव 16 अक्टूबर.**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष के स्वस्थ, सुदीर्घ, खुशहाल एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री श्री विजय शर्मा, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप, खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री श्री टंकराम वर्मा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यन्वयन मंत्री श्री श्याम



बिहारी जायसवाल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल, वाणिज्य-उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन देवांगन, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री धरमलाल कौशिक, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, महेश गागड़ा संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## अमलीडीह पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत जांच में सही पाई गई

डोंगरगांव 16 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत अमलीडीह में गंभीर अनियमितताएं विभिन्न वर्षों में होने की बिंदुवार शिकायत कलेक्टर से की गई थी। तत्कालीन सरपंच रोशन साहू के खिलाफ हुई जांच में लगभग सारी शिकायतें सही पाई गई हैं। जांच टीम द्वारा 75 पेज में तैयारं जांच रिपोर्ट में महज एक शिकायतप्रमाणित नहीं पाई गई है।ज्ञातव्य है कि जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत अमलीडीह में तत्कालीन प्रभारी सरपंच द्वारा नियमों के विपरीत अनेक कार्य हुए होने की शिकायत ग्राम के ही रोहित सोनकर, निर्भयपटेल, चैन सिंह पटेल और एक अन्य ने मिलकर बीते 8 अगस्त को अर्जुनी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर से की थी, तब कलेक्टर के निर्देश पर जनपद पंचायत डोंगरगांव द्वारा गठित जांच टीम ने जांच कर 75 पेंज काप्रतिवेदन तैयार किया है। जानकारी के अनुसार एक जुलाई 2021 से 30 जून 2024 तक तत्कालीन सरपंच रहे रोशन साहू द्वारा किए गए कारनामों की जांच की गई। जांच में पाया गया कि उक्त अवधि में किए गए संव्यवहारों (लेनदेन, आय-व्य) का अनुमोदन ग्राम सभा की बैठकों में समय -समय पर लिया गया है। जनपद पंचायत से अनुमोदन कराने का प्रावधान नहीं है। पंचायत में खरीदे गए सामानों को स्टॉक पंजी में दर्ज न कर नियमों का पालन नहीं किया जाना प्रमाणित पाया गया है। पंचायत द्वारा 1940484 रुपए का नकद भूगतान लेखा नियमों के विपरीत किया गया है; यह शिकायत सही पाई गई है। पंच तेजराम साहू के तालाब के कार्य में सात दिनों की हाजिरी नियम के विपरीत भरा जाना प्रमाणित पाया गया है। पंचों को बिना कार्य के फर्जी बिलों के आधार पर राशि का भुगतान बारीकी से जांच में प्रमाणित पाया गया है। बिना जीएसटी भुगतान किए वेंडरों को राशि का भुगतान किया जाना भी सही पाया गया है। अब देखने वाली बात होगी कि तत्कालीन प्रभारी सरपंच पर लगाए गए आरोपों के सही पाए जाने के बाद क्या कार्यवाही की जाती है?






## पूर्व पीसीसी चीफ मरकाम ने किए माता बम्लेश्वरी के दर्शन

डोंगरगढ़। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम मां बम्लेश्वरी देवी का दर्शनार्थ पंहुचने पर कांग्रेस जनों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने ऊपर बम्लेश्वरी मंदिर और नीचे बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन कर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात किया। इस दौरान उनके साथ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल पूर्व मंत्री धनेश पाटिला जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा पीसीसी महामंत्री डॉ थानेश्वर पाटिला पीसीसी संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा संभागीय प्रवक्ता कमलजीत पिंटू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा व विजय राज सिंह धीरेन्द्र प्रताप सिंह संजय श्रीवास्तव संध्या देशपांडे धीरज मेश्राम संजीव गोमास्ता मेहुल मारू शिव निषाद रिम्मी भाटिया हरिश भंडारी राजकुमार गढ़ेवाल शिशुपाल भारती जितेन्द्र भाटिया किरण मेश्राम दुलीचंद बडोले राजेन्द्र वर्मा संजीव गुप्ता प्रजेश सहारे गिरीराज तापड़िया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## वर्ल्ड आर्थराइटिस-डे पर मरीजों ने डॉ. अंकुर सिंघल के साथ किया डांस

रायपुर,16 अक्टूबर 16 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

वर्ल्ड आर्थराइटिस डे के अवसर पर रामकृष्ण केयर अस्पताल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में डॉ. अंकुर सिंघल के द्वारा जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी कराए गए मरीजों ने अपने अनुभव साझा किए और डॉ. सिंघल के साथ डांस भी किया। यह सभी वे मरीज थे जिन्हें पिछले 2-3 महीनों में या उससे भी पहले डॉ. सिंघल द्वारा जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की गई थी। इस कार्यक्रम में 80 वर्ष से ऊपर के कई मरीज भी शामिल थे, जिन्होंने प्रत्यारोपण के बाद अपने सामान्य जीवन को फिर से शुरू करने का अनुभव बताया और खुशी जाहिर की।



डॉ. सिंघल ने बताया कि रामकृष्ण केयर अस्पताल में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट की हर तरह की सर्जरी की जाती है और इसका परिणाम हमेशा 100 प्रतिशत रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि जो मरीज पहले सामान्य रूप से चल-फिर नहीं सकते थे, वे अब सामान्य जीवन जी रहे हैं और यहां तक कि डांस भी कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मरीजों ने उत्साहपूर्वक डॉ. सिंघल के साथ डांस किया, जिससे साफ पता चलता है कि सर्जरी के बाद उनका जीवन फिर से सक्रिय और खुशहाल हो गया है।

डॉ. अंकुर सिंघल ने अब तक सैकड़ों मरीजों की ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी कर उन्हें आर्थराइटिस की समस्याओं से मुक्त किया है। उन्होंने अपनी सर्जिकल तकनीक ÷स्ष्टञ्ज÷ (मिनिमम कट टेक्निक) के बारे में भी जानकारी दी, जो इस प्रकार की सर्जरी के लिए विशेष रूप से प्रभावी है। इस तकनीक में सर्जरी के दौरान बहुत छोटा चीरा लगाया जाता है, जिससे मरीज के मसल्स और हड्डियों को कम क्षति पहुंचती है। ऑपरेशन के केवल 3 घंटे बाद ही मरीज को चलने में सक्षम बनाया जाता है। इस पद्धति के फायदे में कम रक्तस्त्राव, दवाइयों का कम दुष्प्रभाव, अस्पताल से जल्दी छुट्टी और मरीज को कम तनाव होना शामिल है।

डॉ. सिंघल ने बताया कि इस सर्जरी के बाद मरीज अपने पहले जैसे सामान्य जीवन को जी सकते हैं, जैसा कि वे 10-15 साल पहले जीते थे, जब उन्हें घुटनों या जोड़ों की कोई समस्या नहीं थी। इस मौके पर मरीजों ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं और बताया कि कैसे इस सर्जरी ने उन्हें फिर से स्वतंत्र और सक्रिय जीवन जीने में मदद की है। वर्ल्ड आर्थराइटिस डे पर आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल मरीजों के जीवन में एक नई उमंग भरी, बल्कि उन्हें प्रेरित किया कि आर्थराइटिस जैसी गंभीर समस्या के बाद भी वे एक सक्रिय और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

## आवश्यकतानुसार नवीन स्ट्रीट लाइट सेट लगाने के अपर आयुक्त ने दिए निर्देश

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन में तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय ने कार्यपालन अभियंता श्री शरद ध्रुव सहायक अभियंता श्री संदीप शर्मा की उपस्थिति में जोनों के विद्युत विभाग के उप अभियंताओं की बैठक लेकर उन्हें दीपावली पर्व को देखते हुए राजधानी शहर रायपुर में अभियान चलाकर स्ट्रीट लाईटों को सुधारकर बन्द पड़ी स्ट्रीट लाईटों को चालू करवाने, स्ट्रीट लाईटों से सम्बंधित सभी जनशिकायतों का जोनों से गैंग उप अभियंता सहित स्थल पर भेजकर दीपावली पर्व के पूर्व त्वरित निराकरण करवाने, व्यवहारिक आवश्यकता के अनुरूप वार्डों में स्ट्रीट लाईटों के नवीन सेट सेंट्रल स्टोर से शीघ्र उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए है। बैठक में अनुबंधित फर्म ईईएसएल कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उन्हें स्ट्रीट लाईटों के शहर में संधारण का कार्य प्राथमिकता से अनुबंध की शर्तों के अनुसार सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए है। अपर आयुक्त ने राजधानी शहर रायपुर निगम क्षेत्र में दीपावली पर्व के पूर्व स्ट्रीट लाईट व्यवस्था सुधारकर समुचित प्रबंधन प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए है।

## पंचायत सचिव संघ ने दिया हड़ताल का अल्टीमेटम

**दो तीन महीने से वेतन नहीं मिलने से हैं खपा**

छुरिया 16 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

पंचायत सचिव संघ द्वारा वेतन नहीं मिलने को लेकर मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत-छुरिया के नाम ज्ञापन दिया है जिसमें लिखा हैं पंचायत सचिवो शासन की योजनाओं एवं हितग्राही मूलक कार्मा को संपन्न कर रहे है। अतः महोदया जी से निवेदन है कि सचिवों का रोके गये वेतन एव आह-अक्टूबर 2024 वेतन (दीपावाली त्योहार पूर्व भुगतान कराये जाने की कृपा करेगें। यदि रोके गए वेतन का



का वेतन विगत 2,3 माह से रोका गया है। जिसके कारण पंचायत सचिवों को आर्थिक मानसिक रुप से तंगी का सामना कर पड़ रहा है। उक्त स्थिति में यह कि जनपद पंचायत छुरिया के समस्त पंचायत सचिव भुगतान 3 दिवस के भीतर नही होता है तो हम समस्त पंचायत सचिव छुरिया, एक साथ काम बंद कर दिनाक 18/10/24 से जनपद प्रगण मे हड़ताल पर रहेंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

संपादकीय

# ऐसे में पुलिस पर जनता भरोसा कैसे करेगी

पुलिस मतलब होता है जनता की रक्षक, गुंडों व बदमाशों से बचाने वाली। यह उसकी जिम्मेदारी होती है किसी शहर या जिले या प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखना।लोगों के जानो-माल की रक्षा करना। वह है तो लोगों को लगना चाहिए कि राजधानी में,शहर में,प्रदेश में पुलिस का राज है, कानून का राज है। वह है तो गुंडों व बदमाशों को उनसे डरना चाहिए। गुंडों बदमाशों में उसका डर होना चाहिए। गुंडों बदमाशों में यह डर भी होना चाहिए कि वह कोई भी अपराध करेंगे तो पुलिस उसे पकड़ लेगी और उसे अपराध की सजा भी दिलाएगी।यह सच है कि अपराध पर पूरी तरह रोक पुलिस नहीं लगा सकती, कोई उससे यह अपेक्षा करे कि पुलिस है तो राज्य में,शहर में अपराध नहीं होंगे यह कुछ ज्यादा ही अपेक्षा करना होगा। राज्य बने दो दशक हो चुके हैं, यहां भाजपा व कांग्रेस दोनों की सरकारें रही है, कभी ऐसा नहीं हुआ है कि राज्य अपराधमुक्त हो गया हो। अपराध तो राज्य में हर सरकार के समय होते रहते हैं। अपराध होने के बहुत से कारण होते हैं जब तक वह कारण हैं, शहर में, प्रदेश में अपराध तो होते रहेंगे। अपराध होने के बाद जितना जरूरी होता है कि किसी अपराधी का पकड़ा जाना, उतना ही जरूरी होता है उसे सजा दिलाना।पुलिस अपराधी को पकड़ने में तो सफल होती है लेकिन उसे सजा दिलाने में उतनी सफल नहीं होती है। यही वजह है कि अपराधियों में अपराध करने के बाद सजा होने का डर ही नहीं रहता है,वह जानते हैं कि पुलिस पकड़ भी लेगी तो वह पैसा खर्च कर अदालत से बच जाएंगे। अपराधियों में छोटे से छोटे से अपराध करने पर सजा मिलनी चाहिए, जब यह सजा नहीं मिलती है तो उसका हौसला बढ़ता जाता है और वह सजा नहीं होगी सोचकर बड़े से बड़ा अपराध करने लगता है। कोई भी अपराधी अचानक कोई बड़ा अपराध नहं करता है, वह पहले छोटे-छोटे अपराध करता है, उसे सजा नहीं मिलती है तो उसका हौसला बढ़ जाता है और एक दिन वह बड़ा अपराध करता है।इस मामले में उसको राजनीतिक संरक्षण तो मिलता है कई बार पुलिस का भी संरक्षण मिलता है तब ही वह बड़ा अपराधी बनता है और बड़े अपराध करता है। तब जाकर कोई गुंडा पुलिस कांस्टेबल के घर में घुसकर उसकी पत्नी व बेटी की हत्या करने की हिम्मत करता है।

हेड कांस्टेबल तालिब शेख तो अपना काम कर रहे थे, वह एक केस के सिलसिले में कुलदीप साहू को उसके घर पकड़ने गए थे, जिस कांस्टेबल पर कुलदीप साहू ने खौलता तेल डाल दिया था, उसकी मदद की। चर्चा है कि इससे नाराज होकर कुलदीप साहू ने तालिब शेख के घर मारने को तालिब शेख को गया था,वह घर पर नहीं थे, इसलिए उसने उनकी पत्नी व मासूम पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। कोई भी नहीं चाहेगा कि किसी शहर में ऐसी डराने वाली घटना हो। सबको बुरा लगता है जब ऐसी घटनाएं होती हैं, सबको डर लगता है जब ऐसी घटनाएं होती हैं। ऐसी घटनाएं वाकई में जनता के साथ पुलिस विभाग के निचले स्तर के कर्मचारियों को डराने वाली होती हैं। जनता को डर लगता है कि अपराधी यदि इसी तरह अपराध करते रहे तो वह कहीं सुरक्षित कैसे रह सकते हैं। जनता तो सोचती है कि पुलिस उसकी रक्षा गुंडों से करेगी लेकिन जब पुलिस कर्मी व उनके परिवार पर ही गुंडे इस तरह क्रूरता से हमला करते हैं तो जनता का डर और बढ़ जाता है कि जो पुलिस अपनी रक्षा गुंडों से नहीं कर पा रही है तो वह हमारी रक्षा क्या करेगी। बताया जाता है कि कुलदीप साहू ने पहले कांस्टेबल घनश्याम पर खौलता तेल डाल दिया, उसके बाद उसने हेड कांस्टेबल के घर गया और हेड कांस्टेबल को घर में न पाकर उनकी पत्नी व बच्ची की हत्या कर दी। इस तरह की घटना को अंजाम देने का मकसद निश्चित रूप से पुलिस विभाग के कर्मचारियों को डराना है। ताकि वह उसके खिलाफ कुछ भी करने से डरे। आरोपी कुलदीप सूरजपुर जिले का सबसे बड़ा कबाडी है,उसके खिलाफ सूरजपुर जिले में 20 से अधिक मामले दर्ज हैं, एक बार उसको जिलाबदर भी किया जा चुका है। ऐसे हिंसक व पुलिस पर हमला करने वाले बदमाश के साथ पुलिस को भी उसी तरह पेश आना चाहिए जैसा वह पुलिस के साथ पेश आया है। उसके खिलाफ कानून के अनुसार ऐसी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए कि फिर कोई पुलिस जवान के परिवार के साथ ऐसी हरकत करने से पहले सौ बार सोचे। ऐसी घटनाओं पर राजनीतिक दलों को राजनीति नहीं करनी चाहिए लेकिन राजनीतिक दल बाज नहीं आते हैं, ऐसी घटना की सबको निंदा करनी चाहिए और अपराधी के खिलाफ पूरे समाज को एकजुट रहना चाहिए और सरकार से मांग करनी चाहिए कि पुलिस पर हमला करने वाले को जल्द पकड़ा जाए और उसे कड़ी सजा दिलाई जाए। कांग्रेस को तो फिर मौका मिल गया है कहने का राज्य में कानून व्यवस्था फेल है जबकि उसे सरकार के साथ इस बात की चिंता भी करनी चाहिए कि इस तरह की घटनाएं क्यों हो रही हैं, इस तरह की घटनाओं पर कैसे रोक लगाई जा सकती है। विपक्ष और सरकार को यह भी सोचने की जरूरत है कि हर घटना के बाद आगजनी कैसे हो रही है। बलौदाबाजार,कवर्धा के बाद सूरजपुर में भी आगजनी किस बात का संकेत है?

अन्तर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस

ललित गर्ग

# गरीबी के शर्म के कलंक को धोना होगा



अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस हर साल 17 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरूआत 17 अक्टूबर, 1987 को हुई थी। उस दिन, पेरिस के ट्रोकाडेरो में एक लाख से ज्यादा लोग इकट्ठा हुए थे। इस दिन को मनाने का मकसद, अत्यधिक गरीबी, हिंसा, और भूख से पीड़ित लोगों को सम्मानित जीवन उपलब्ध कराना है। इस दिवस की 2024 की थीम है, ह्यसामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करना, न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और समावेशी समाज के लिए मिलकर कार्य करना ह्व यह दिन गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर देता है। इस दिवस का मकसद गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनना, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करना और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर जोर देना भी है। जो गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। गरीबी को खत्म करना सिर्फ. गरीबों की मदद करना नहीं है - बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 2022 के अंत तक विश्व की 8.4 प्रतिशत जनसंख्या, या लगभग 670 मिलियन लोग, अत्यधिक गरीबी में रह रहे थे। अनुमान है कि वैश्विक जनसंख्या का लगभग 7 प्रतिशत लगभग 575 मिलियन लोग 2030 तक भी अत्यधिक गरीबी में फंसे रह सकते हैं।

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत दस वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही गरीबमुक्त संतुलित समाज संरचना की जा सकती है। गरीबी पहले भी अभिशाप थी लेकिन अब यह संकट और गहराया है। गरीबी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि दुनिया की एक बड़ी समस्या है। गरीबी एक गंभीर बीमारी है, किसी भी देश के लिए गरीबी एक बदनुमा दाग है। जब किसी राष्ट्र के लोगों को रहने को मकान, जीवन निर्वाह के लिये जरूरी भोजन, कपड़े, दवाइयां आदि जैसी चीजों की कमी महसूस होती है, तो वह राष्ट्र गरीब राष्ट्र की श्रेणी में आता है। इस गरीबी से मुक्ति के लिये सरकारें व्यापक प्रयत्न करती हैं। हम जिन रास्तों पर चल कर एवं जिन योजनाओं को लागू करते हुए देश में समतामूलक संतुलित समाज निर्माण की आशा करते हैं वे योजनाएं विषम और विषभरी होने के कारण सभी कुछ अभिनय लगता है, छलावा लगता है, भ्रम एवं फरेब लगता है। सब नकली, धोखा, गोलमाल, विषमताभरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसी नींव पर कैसे साकार होगा? क्योंकि यहां तो सारे राजनीति दल एवं लोकतंत्र को हांकने वाले सब अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। विश्व की सारी संपदा, सारे संसाधन गरीबी को मिटाने में लगते तो आज स्थिति बहुत भिन्न होती, किन्तु बीच में सत्ता की लालसा एवं विश्व पर साम्राज्य स्थापित करने की महत्वाकांक्षाओं ने व्यवधान खड़े कर दिये। इसी कारण जो संपदा है, वह मानव को सुखी, संतुलित या सामान्य बनाने की दिशा में नहीं लगी, संहारक अस्त्रों के निर्माण, आतंकवाद एवं युद्ध की मानसिकता में लगी। एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को भयभीत रखने में अपनी ऊर्जा खपा रहा है, न कि गरीब इंसान की गरीबी दूर करने में।



आज का भौतिक दिमाग कहता है कि घर के बाहर और घर के अन्दर जो है, बस वही जीवन है। लेकिन राजनीतिक दिमाग मानता है कि जहां भी गरीब है, वही राजनीति के लिये जीवन है, क्योंकि राजनीति को उसी से जीवन ऊर्जा मिलती है। यही कारण है कि इस देश में सतहत्तर साल के बाद भी गरीबी कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है, जितनी गरीबी बढ़ती है उतनी ही राजनीतिक जमीन मजबूती होती है। क्योंकि सत्ता पर काबिज होने का मार्ग गरीबी के रास्ते से ही आता है। बहुत बड़ी योजनाएं इसी गरीबी को खत्म करने के लिये बनती रही हैं और आज भी बन रही हैं। लेकिन गरीब खत्म होते गये और गरीबी आज भी कायम है। सरकारी योजनाओं की विसंगतियां ही है कि गांवों में जीवन ठहर गया है। बीमार, अशिक्षित, विपन्न मनुष्य मानो अपने को ढो रहा है। कह तो सभी यही रहे हैं--बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है। रोटी केवल शब्द नहीं है, बल्कि बहुत बड़ी परिभाषा समेटे हुए है अपने भीतर। जिसे आज का मनुष्य अपनी सुविधानुसार परिभाषित कर लेता है। रोटी कह रही है-मैं महंगी हूँ तू सस्ता है। यह मनुष्य का घोर अपमान है। रोटी कीमती, जीवन सस्ता। मनुष्य सस्ता, मनुष्यता सस्ती। और इस तरह गरीब को अपमानित किया जा रहा है, यह सबसे बड़ा खतरा है। गरीब यानी जिसके पास धन उसकी जरूरत से कम हो या जो दो वक्त की रोटी की जुगाड़ नहीं कर सकता। जो अपनी बूढ़ी मां का इलाज नहीं करवा सकता। जो अपने बच्चों की फीस नहीं भरवा सकता।

गरीबी व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने में अक्षम बनाता है। गरीबी के कारण व्यक्ति को जीवन में शक्तिहीनता और आजादी की कमी महसूस होती है। गरीबी उस स्थिति की तरह है, जो व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार कुछ भी करने में अक्षम बनानी है। गरीबी ऐसी त्रासदी एवं दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति है जिसका कोई भी अनुभव नहीं करना चाहता। एक बार महात्मा गांधी ने कहा था कि गरीबी कोई दैवीय अभिशाप नहीं है बल्कि यह मानवजाति द्वारा रचित सबसे बड़ी समस्या है। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए। यहां प्रश्न है कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? जो शिष्य को अच्छे-बुरे का भेद न बता सके, वह गुरु कैसा? गांधी और विनोबा ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए ह्यसर्वोदयह्व की बात की। लेकिन राजनीतिज्ञों ने उसे निज्योदय बना दिया। जे. पी. ने जाति धर्म से राजनीति को बाहर निकालने के लिए ह्यसंपूर्ण क्रांतिह्व का नारा दिया। जो उनको दी गई श्रद्धांजलि के साथ ही समाप्त हो गया। ह्यगरीबी हटाओह्व में गरीब हट गए। स्थिति ने बल्कि नया मोड़ लिया है कि जो गरीबी के नारे को जितना भुना सकते हैं, वे सत्ता प्राप्त कर सकते हैं। कैसे समतामूलक एवं संतुलित समाज का सुनहरा स्वप्न साकार होगा? कैसे मोदीजी का नया भारत निर्मित होगा?

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। यदि आपका धन कहीं अटका हुआ था, तो उसके मिलने की संभावना है। आपके शत्रु आपको परेशान करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को किसी बड़े पद के मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप आज किसी से अहंकार भरी बातें ना करें, नहीं तो इससे लड़ाई झगड़ा हो सकता है।

वृषभ- आज आपका मन खुशियों से सराबोर रहेगा। परिवार के सदस्य आपकी बातों को पूरा महत्व देंगे। यदि आप उनको कोई सुझाव देंगे, तो वह उस पर अमल अवश्य करेंगे। यदि आप किसी संपत्ति के खरीदारी की योजना बनाने जा रहे थे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको किसी पुराने मित्र की याद सता सकती है। आप किसी परिजन से मिलने उनके घर जा सकते हैं। आप किसी से धन उधार सोच समझकर लें, क्योंकि उसे समय पर वापस देने में आपको समस्या आएगी।

मिथुन- मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन किसी काम के शुरूआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को कहीं लॉन्ग ड्राइव पर लेकर जा सकते हैं। आपका मन कार्यक्षेत्र में अपने कामों को छोड़कर बाकी के कामों पर लगेगा, जो आपकी थोड़ी टेंशन को बढ़ा सकता है। आप मनमौजी स्वभाव के कारण कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। परिवार के किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

कर्क- कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको कोई निर्णय लेने से पहले समझकर चलना होगा। किसी से प्रॉपर्टी संबंधित बात को लेकर खटपट हो सकती है। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। बिजनेस में आपका कोई लिया गया फैसला आपको खुशी देगा। माता-पिता से आप कुछ जरूरी कामों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

सिंह- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आध्यात्म के कार्य से जुड़कर आप नाम कमाएंगे। घर की साज सज्जा पर आपको पूरा ध्यान रहेगा। आपको किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिल सकता है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपका कोई पुराना लेनदेन आपको परेशान कर सकता है। आप कार्यक्षेत्र में किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें।

कन्या- कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन तालमेल बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपको अपने खर्चों को लेकर थोड़ा सोच समझकर चलना होगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आपको यदि कोई बेवजह की टेंशन परेशान कर रही थी, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा। माता-पिता से आप कुछ पारिवारिक कामों को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

तुला- तुला राशि के जातकों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है, आपको यदि किसी काम को लेकर कोई समस्या चल रही थी, तो उसमें वह मित्र की मदद से दूर होगी। आपको लंबे समय से रुके हुए धन की भी प्राप्ति हो सकती हैं। आपकी कोई प्रॉपर्टी संबंधित डील के फाइनल होने की संभावना है। आपके चारों ओर खुशियों से भरा माहौल रहेगा और जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे।

वृश्चिक- आज आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। वैवाहिक जीवन में खुशियां रहेंगी। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। आपकी किसी से कहासुनी होने से आप परेशान रहेंगे। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने कामों को कल पर छोड़ने से बचें। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको अपने दिनचर्या पर पूरा ध्यान देना होगा। धन को लेकर आप कोई कदम जल्दबाजी में ना उठाएं। जीवनसाथी की सेहत को लेकर आपको टेंशन रहेगी। आपको कोई नई जिम्मेदारी मिलने से आपको खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। विद्यार्थियों ने यदि किसी सरकारी नौकरी से संबंधित परीक्षा को दिया, तो उसके बेहतर परिणाम मिलेंगे।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी प्रकार का कोई जोखिम लेने से बचना होगा। पारिवारिक समस्याओं को लेकर आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपको यदि कोई स्वास्थ्य संबंधित समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपको किसी बेवजह के काम को लेकर चिंता रहने वाली है। आपके सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको किसी सहयोगी से कामों को लेकर मदद लेनी पड़ सकती है। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। आप किसी नए काम की शुरूआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। धर्म-कर्म के कार्यों में आपको बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको किसी परिजन की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मलेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपका कोई परिजन आपके घर मेल मिलाप करने आ सकता है।

मीन- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर कुछ पारिवारिक समस्याओं को दूर करेंगे और आपको किसी काम से अच्छा धन लाभ मिलने की संभावना है। आपको किसी फैसले को जल्दबाजी में नहीं करना है। यदि आप किसी काम को लेकर कोई लोन आदि अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आप किसी से कोई बात बहुत ही सोचसमझ कर बोलें।

# बुद्धिजीवी और बाँसुरी का संतुलन

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



एक दिन सुबह-सुबह एक बुद्धिजीवी मेरे घर आ धमके। उनके कंधे पर झोला था, माथे पर चिंताओं की रेखाएँ थीं और चेहरे पर समाज सुधारने का बोझ। आते ही बोले, समाज पतन की ओर जा रहा है। आजकल की पीढ़ी बस मोबाइल में खोई रहती है। संस्कृति को कौन बचाएगा?मैंने कहा, आपके पास तो बाँसुरी है, आप बचा सकते हैं।

बुद्धिजीवी ने झोले से बाँसुरी निकाली और बोले, ये बाँसुरी नहीं, विचारों का प्रतीक है। इसे बजाने का मतलब है समाज को सही दिशा में ले जाना। लेकिन ये नई पीढ़ी बाँसुरी क्या जाने, इन्हें तो सिर्फ रील्स और मीम्स समझ में आते हैं। मैंने कहा, आप बजाकर देखिए, शायद कुछ असर हो।उन्होंने बाँसुरी होठों से लगाई, लेकिन बजाने से पहले बोले, बजाने से पहले हमें इस पर विचार करना चाहिए कि बाँसुरी का सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व क्या है।मैंने कहा, भाई साहब, पहले बाँसुरी बजाइए, फिर उसके महत्व पर विचार करेंगे।बुद्धिजीवी थोड़े चिंतित हुए, बोले, देखिए, बिना चर्चा के अगर बाँसुरी बजा दी, तो लोग इसे मनोरंजन समझेंगे। समाज को संदेश देना है, मनोरंजन नहीं।मैंने सोचा, चलिए अब एक बुद्धिजीवी की बाँसुरी भी दर्शनशास्त्र से होकर गुजरेगी। खैर, मैंने चाय का कप थमाया, और उन्हें चर्चा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बाँसुरी हाथ में घुमाते हुए कहा, बाँसुरी का स्वर तो शांति का प्रतीक है, लेकिन आजकल शांति की बात कौन करता है? सब तो केवल हंगामा चाहते हैं। सोचिए, अगर बाँसुरी बजा भी दी, तो क्या ये शोरगुल में सुनाई देगी?

मैंने कहा, शोरगुल के बीच शांति की आवाज ही सबसे ज्यादा असर करती है। वे थोड़ा गंभीर होकर बोले, शांति की आवाज सुनने के लिए आत्मा का शांत होना जरूरी है। और आजकल आत्मा को कौन शांत रहने देता है? सरकार, मीडिया, और सोशल मीडिया... सब शांति को निगल रहे हैं। ऐसे में बाँसुरी किस काम की? मैंने धीरे से कहा, फिर बाँसुरी साथ लेकर घूमने का क्या फायदा? बुद्धिजीवी ने थोड़ा सोचते हुए कहा, ये सही सवाल है। शायद बाँसुरी केवल प्रतीकात्मक है। हमें असल बदलाव के लिए विचारधारा की बाँसुरी बजानी होगी। फिर उन्होंने बाँसुरी को वापस झोले में रखा और बोले, बदलाव विचारों से आता है, बाँसुरी से नहीं। आज की पीढ़ी को हमें बाँसुरी नहीं, विचार देना चाहिए। मैंने मन ही मन सोचा, तो भाई साहब, बाँसुरी क्यों साथ लाए थे? लेकिन मैंने कुछ कहा नहीं। आखिरकार, बुद्धिजीवी थे, उनका काम है बातें करना, और मेरा काम था सुनना। और इस तरह, बाँसुरी फिर बिना बजे झोले में चली गई। समाज वहीं का वहीं रहा, और हम फिर से उसी पुराने चाय-कप में विचारों का झाग फेंटने लगे।

## क्लाउड टेक्नोलॉजी के माध्यम से डिश टीवी की अनूठी पेशकश

भारतीय डीटीएच इंडस्ट्री में पहली बार,भारत की प्रमुख कॉन्टेंट वितरण कंपनी डिश टीवी ने सैमसंग टीवी ग्राहकों के लिए नागराविजन और सैमसंग की टीवीकी (ळश्डी८) क्लाउड तकनीक के माध्यम से दर्शकों के लिए पूरी सहजता से टीवी देखने के अनुभव की पेशकश की है। डिश टीवी का सैमसंग इंडिया, भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड और नागराविजन के साथ सहयोग, इसे भारत में पहला और एकमात्र डीटीएच ऑपरेटर बनाता है, जो पारंपरिक सेट-टॉप बॉक्स की आवश्यकता के बिना सैमसंग कनेक्टेड टीवी पर सुरक्षित, प्रीमियम कॉन्टेंट प्रदान करता है। यह सेवा, सैमसंग इंडिया और नागराविजन के सहयोग से विकसित की गई है, जो डिश टीवी की स्मार्ट+ सर्विसेस को चयनित सैमसंग टीवी मॉडल में निर्बाध रूप से एकीकृत करती है। भारत में सैमसंग टेलीविजन ग्राहक अपने टीवी सेट में अंतर्निहित डिश टीवी सेवा को सक्रिय कर सकते हैं और बिना अलग से सेट-टॉप बॉक्स इंस्टॉल किए अपने पसंदीदा चैनल और ओटीटी कॉन्टेंट का आनंद ले सकते हैं। नागराविजन और सैमसंग की टीवीकी क्लाउड पर आधारित हमारा नया समाधान उपयोगकताओं को सैमसंग टीवी इंटरफेस से सीधे डिश टीवी स्मार्ट+ को अपना पसंदीदा डीटीएच सेवा के रूप में चुनने की अनुमति देता है, जिससे सेटअप प्रक्रिया सरल और बिना किसी बाहरी सेट-टॉप बॉक्स के होती है। यह अंतर्निहित विशेषता सैमसंग के 2024 टीवी मॉडल्स-यूएचडी 8 सीरीज और उससे ऊपर के टीवी पर उपलब्ध है, जो पारंपरिक टीवी और स्ट्रीम किए गए कॉन्टेंट को एक ही पैकेज में एकीकृत करती है। सैमसंग टीवी में अनूठी ऑन-चिप सुरक्षा, टीवीकी क्लाउड के माध्यम से उच्च स्तर की कॉन्टेंट सुरक्षा सुनिश्चित करती है.

अन्तरराष्ट्रीय खाद्य

डॉ . सूर्यकांत मिश्रा

# मोटे अनाजों की भी तय हो एमएसपी



अन्तरराष्ट्रीय खाद्य दिवस का आयोजन हो और हमारे अन्नदाताओं की चर्चा न की जाए तो दिवस का औचित्य ही नहीं रह जाता है । मानवीय समाज में सबसे कठिन जीवन यापन करने वाला कोई वर्ग है तो उसे हम कृषक के नाम से ही जानते हैं । सही समय पर मानसून आए और समय - समय पर सूर्यदेव की कृपा भी मिलती रहे तो कृषक की मेहनत सफल नजर आती है । कई बार ऐसा भी होता है कि अधिक वर्षा से फसल को नुकसानी से नहीं बचाया जा सकता है , तो कभी इंद्रदेव की नाराजगी से बारिश के न आने पर सूखे की समस्या भी कृषक परिवार के लिए दुखदाई परिस्थिति का निर्माण कर जाती है । अच्छे मानसून के साथ ही फसल का लहलहाना कृषक की खुशी का नजारा पेश करता दिखाई पड़ता है । फसल के बढ़ने के साथ ही नुकसान पहुंचाने वाले कीट - पतंगों से भी कृषक को जूझना पड़ता है । कृषक के पूरे जीवन पर गंभीरता पूर्वक नजर डालें और आत्मचिंतन करें तो मानवीय समाज में रहने वाला कृषक गुमनाम नायक से कम नहीं है । यही वह व्यक्ति और यही वह परिवार है जो हमारे नित्य - प्रति के भोजन की व्यवस्था करता है । इसका संघर्ष हमारे खाने की मेज को 56 भोग से सजाने वाला समाज का धरती पुत्र माना जा सकता है । हमारे कृषक द्वारा उत्पादित किए गए अन्न के दाने हमारे जीवन में ऊर्जा का वह रस भरते हैं जिसके चलते हम जीवितों की श्रेणी में खड़े दिखाई पड़ते हैं ।

भारतवर्ष सहित दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा और पोषण के लक्ष्य को प्राप्त करने में मोटे अनाज का विशेष स्थान रहा है । इन मोटे अनाजों को हम अब मिलेट्स के नाम से जान पा रहे हैं । इन फसलों में ज्वार , बाजरा , रागी , कुट्टू आदि शामिल हैं । इन फसलों को हम पोषक अनाज के साथ ही श्री अन्न भी कहते हैं । यदि हम यह कहें कि ये मोटे अनाज ही पोषक तत्वों का पावर हाउस है तो गलत नहीं होगा । इन अनाजों में पाए जाने वाले उच्च प्रोटीन के साथ ही संतुलित अमीनो एसिड प्रोफाइल , पोषण के मामले में गेहूं , चावल और मक्का से बेहतर माने जाते हैं । मोटे अनाज वाले आहार फाइबर , अच्छी गुणवत्ता से भरपूर वसा , कैल्शियम , पोटेशियम , मैग्नीशियम , लोहा, मैंगनीज , जस्ता और बी कॉम्प्लेक्स विटामिनों का समृद्ध भंडार होते हैं । इतना ही नहीं ये अनाज मधुमेह और मोटापे के बेहतर प्रबंधन में सहायक भी होते हैं । मानसून पर निर्भर न रहने वाली इन फसलों को कम पानी की जरूरत होती है । वर्तमान जलवायु संकट को देखते हुए भविष्य में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में इन मोटे अनाजों अथवा श्री अन्न की उपयोगिता से इनकार नहीं किया जा सकता है ।

एक समय ऐसा भी था जब मोटे अनाजों से अनेक प्रकार के खाद्य एवं पेय पदार्थ बनाए जाते थे । ऐसे खाद्य पदार्थ भारतीय खाद्य संस्कृति में मुख्य पौष्टिक भोजन के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाया करते थे । पिछलेकुच दशकों में अखिल भारतीय स्तर पर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मोटे अनाजों की खपत में भारी गिरावट आई है । कृषि वैज्ञानिकों और फसलों के उत्पादन के बाद उसके उपभोग पर सर्वे करने वालों का मानना है कि मोटे अनाजों की खपत में कमी का मुख्य कारण शासन स्तर पर बनाई गई नीतियां हैं । सरकार ने गेहूं और चावल को न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ ही पी डी एस के माध्यम से जो ताकत प्रदान की है उसी के चलते कृषकों ने अब मोटे अनाज के उत्पादन पर अपनी रुचि घटा दी है ! मानवीय समाज का मोटे अनाजों से दूर



भागने का कोई एक कारण नहीं बल्कि उपभोग व्यवहार में अनेक तरह के परिवर्तन हैं ! हम कह सकते हैं कि प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि , बढ़ता शहरीकरण , धान और गेहूं जैसी फसलों को अधिक सुरक्षा देना , उपभोक्ताओं के स्वाद का गणित, प्राथमिकताओं में बड़ा परिवर्तन ही मोटे अनाजों के प्रति अरुचि पैदा कर रहे हैं ! यही कारण है कि मोटे अनाज की सापेक्ष मांग में लगातार गिरावट आ रही है ! मोटे अनाजों के पक्ष में एक सकारात्मक बात यह सामने आ रही है कि चिकित्सकों सहित विशेषज्ञों ने इन्हें कुपोषण से लड़ने का मुख्य आधार माना है । गुणवत्ता से भरपूर मोटे अनाजों के प्रति किसानों का रुझान लगातार कम हो रहा है । इसका मुख्य कारण यह है कि मोटे अनाजों का आटा जल्द खराब हो जाता है । कहने का तात्पर्य यह कि इनका जीवन काल गेहूं - चावल के आटे से कम होता है । इसी वजह से कंपनियां लगत वसूलने और व्यवसाय की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए इसकी कीमतों में वृद्धि कर देती हैं । देखा जाए तो इन्हें जिन कीमतों पर बेचा जाता है , उससे कहीं कम कीमत पर बेचने से हानि की स्थिति नहीं बनती है । कीमतों में वृद्धि के कारण ग्रामीण उपभोक्ता इसे लेने से परहेज करते हैं । इसका एक मुख्य कारण यह भी है कि उन्हें गेहूं और चावल 2 -3 रुपए प्रति किलो तथा बहुत बड़ी आबादी को फ्री में भी मिल जाता है । इसकी गहराई में जाकर सोचें तो अधिकांश मामलों में मोटे अनाजों की खेती किसानों के लिए आर्थिक रूप से आकर्षण का केंद्र नहीं बन पा रही है । किसानों को इन फसलों के प्रति उत्साहित करने के लिए मोटे अनाज की सार्वजनिक खरीद को बढ़ाना होगा। वर्तमान में इन अनाजों की खरीद पर नजर डालें तो ज्वार और बाजरा की सरकारी खरीद कुल उत्पादन का 1 से 3 प्रतिशत ही है , जबकि गेहूं और चावल की खरीद 45 से 70 प्रतिशत के बराबर है ! मोटे अनाजों के उत्पादन के प्रति किसानों के कम रुझान को सरकार ने गंभीरता से लेते हुए पिछले दो वर्षों से उन्हें खरीदने की नवीन नीति बनाई है । मोटे अनाज के फसलों की दक्षता , लचीलेपन में सुधार और कृषकों के कठिन परिश्रम को कम करने के लिए बने पैमाने पर अत्याधुनिक मशीनों के उपयोग को बढ़ाना सार्थक पहल के रूप में सकारात्मक परिणाम दे सकता है । हमारे देश की सरकार चाहे तो मोटे अनाजों के उत्पादन में वृद्धि के लिए किसानों को विशेष पैकेज के तहत शामिल कर प्रोत्साहित कर सकती है । मोटे अनाजों के उत्पादन में आने वाली लगातार गिरावट हमारे मानवीय समाज के लिए भविष्य में समस्या बनकर सामने आ खड़ी हो तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए ।

# शराब की खुलेआम बिक्री से मारपीट की घटनाएं बढ़ीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा, 16 अक्टूबर।** नगर के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी इन दिनों अवैध शराब की बिक्री जोरो पर है। विकासखंड मुख्यालय में अंग्रेजी व देशी शराब की सरकारी दुकान होने के बाद भी नगर व आसपास के गांवों में अवैध शराब की बिक्री के लिए कई कोचिए सक्रिय दिखाई दे रहे है। जबकि शराब की बिक्री एवं अन्य व्यवस्था की देखरेख के लिए नगर के कोरर चौक में आबकारी विभाग का उप निरीक्षक कार्यालय स्थापित है। सरकार एक ओर जहां शराब के ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करते हुए आबकारी विभाग के माध्यम से शराब बेचने का कार्य कर रही है वहीं शराब की अवैध बिक्री एवं तस्करी में लगे लोगों पर लगाम लगाने में विफल नजर आ रही है। अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी के संबंध में सरकार के दावे धरातल पर टिकते हुए दिखाई नही पड रहे है, धरातल पर यहां न तो अवैध शराब की बिक्री पर रोक लग रही है और न ही शराब तस्करों पर कोई ठोस कार्यवाही होते दिखाई पड़ रही है। बल्कि आबकारी विभाग की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नही होने के चलते बेखौफ होकर रोज नए-नए शराब कोचिये पैदा होते जा रहे है। जिसके कारण नगर व आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह पर अवैध शराब की बेधडक बिक्री हो रही है। नगर के विभिन्न वार्डो में तथा गांवों की गलियों में बडे आसानी से शराब उपलब्ध करायी जा रही है। शराब के शौकीनों को देशी अथवा विदेशी किसी भी प्रकार की शराब अधिकृत शराब दुकान के बाहर ही आसानी से मिल जाती है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन द्वारा निर्धारित मूल्य



से 20-30 रू. की अधिक कीमत वसूल कर शराब कोचियों के द्वारा मदिराप्रमियों को शराब बेची जाती है। वही नगर के मेनरोड किनारे स्थित होटलों एवं खोमचों में भी शराब परोसते हुए आसानी से देखा जा सकता है। जगह-जगह पर अवैध तरीके से शराब मिलने के कारण ज्यादातर युवा नशे की चपेट में आ रहे है तथा शराब के नशे में आकर आम लोगो से गाली-गलौच एवं मारपीट करते हुए कई तरह के अपराधों को अंजाम दे रहे है। बडे पैमाने पर अवैध शराब की बिक्री से नगर व गांवों का वातावरण लगातार बिगडता जा रहा है। बढते नशे के कारोबार के चलते दिनोदिन अपराध भी बढते जा रहे है। नगर व आसपास के क्षेत्रों में वर्तमान में चोरों ने कई बडी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। कहीं इन घटनाओं में नशाखोरी की जरूरतों को पूरा करने चोरी की घटनाओं को अंजाम तो नही दिया जा रहा है। फ्लिहाल अवैध शराब की बिक्री करने वाले कोचियों पर आबकारी विभाग को प्रभावी कार्यवाही करते हुए इस पर रोक लगाने की आवश्यकता है। अन्यथा आने वाले समय में अवैध शराब के तस्तर शासन प्रशासन के लिए बडी चुनौती बन जाए इस बात से इंकार नही किया जा सकता।

## एक नजर

### सेन्ट्रल लायब्रेरी में जरूरी किताब उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**बीजापुर,16 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विभागवार समीक्षा के दौरान सभी विभागों में उपलब्ध 15 वर्षो से अधिक अवधि में चलित वाहनों को उपयोगयुक्त हो तो निलामी की करने तथा उपयोगयुक्त न होने की दशा में नष्टिकरण करने के निर्देश दिए।जिले के 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को जो प्रतियोगिता परीक्षा में बैठना चाहते है उन्हे लाईब्रेरी से जोड़ने, उनकी निःशुल्क कोचिंग क्लास एवं जरूरी किताब उपलब्ध कराने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को लेकर जल्द निराकरण करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही निराकरण होने के पश्चात हितग्राही को फोन कर जानकारी दी जाने की बात कही। बैंक के शाखाओं के लेनदेन संबंधित जानकारी मांगी गई, जवाब नहीं मिलने पर संबंधित अधिकारी को कड़े निर्देश दिए। आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने में व्यापक प्रगति लाने अभियान के रूप में कार्ड बनाने के निर्देश दिए।बैठक में सीईओ सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण सभी अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय उपस्थित थे।

### कलेक्टर जनदर्शन में डीएम संबित मिश्रा से मिलने पहुंचे आवेदक



**बीजापुर,16 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर संबित मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर पहुंचे लोगों की समस्या सुनी और सम्बंधित विभागों को शीघ्र कार्य करने के आवश्यक पहल करने की बात कही है। जनदर्शन में 14 आवेदन प्राप्त हुए लोग अपनी-अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराने जिला कार्यालय पहुंचे। कलेक्टर संबित मिश्रा ने सभी आवेदकों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निराकरण का आश्वासन भी दिया। आवेदकों द्वारा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर के विभिन्न समस्याओं एवं मांग हेतु आवेदन प्रस्तुत किए जिसमें रोजगार, भवन निर्माण, वार्ड की समस्या एवं बुनियादी सुविधाएं, स्कूल, छात्रावास सहित अन्य आवेदन लेकर कलेक्टर के सम्मुख उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अवगत कराएं।

### जिले में मनाया गया विश्व हाथ धुलाई दिवस



**बीजापुर,16 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व हाथ धुलाई दिवस पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत संलग्न स्वच्छग्रही द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायतों के स्कूल, आश्रम, आंगनबाड़ियों में बच्चो को हाथ धोने के तरीके बताया गया कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं को खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में हाथ धोने के आदतों को शामिल करने कहा गया । चूंकि वर्तमान में मौसम परिवर्तन के दृष्टिगत लोगों में मौसमी बीमारी का खतरा रहता है हाथ धोने से आप स्वस्थ रह सकते है श्वसन और दस्त संबंधी संक्रमणों को फैलने से रोका जा सकता है । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत संलग्न स्वच्छग्रही समूहों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूल शिक्षकों द्वारा बच्चों को साबुन से हाथ धोने के चरण के साथ साथ कब कब धोना है बताया गया। हाथ धुलाई के दौरान बच्चों को बताया गया कि खाना खाने से पहले, शौच के बाद एवं जब भी किसी गंदी चीज को छूते है उसके बाद हाथ को साबुन और स्वच्छ पानी से अवश्य धोएं। बच्चों को एवं उपस्थित ग्रामीणों यह भी बताया गया कि हमे जो बीमारी होती है उसका 80त्न कारण हाथ का साफ न होना है लोगों को बताया गया कि हाथ धुलाई नहीं करने से बच्चो में कुपोषण, डायरिया आदि होने का खतरा बढ़ जाता है।

### युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने 17 से 29 अक्टूबर तक शिविर का आयोजन

**बीजापुर 16 अक्टूबर ।** राज्य शासन की कौशल विकास योजनाओं तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, नलजल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम, नियद नेल्लानार योजना के तहत अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कौशल प्रशिक्षण हेतु निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति, प्रशिक्षण कार्यकमों में प्रगति लाने तथा ग्रामीण स्तर के युवाओं तक कौशल प्रशिक्षण की पहुंच बनाने के उद्देश्य से राज्य में 14 अक्टूबर 2024 से 30 अक्टूबर 2024 तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कौशल प्रशिक्षण हेतु युवाओं का काउंसिलिंग कर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सम्मिलित कराकर उन्हें रोजगार तथा स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस हेतु 17 अक्टूबर 2024 को विकासखण्ड उसूर के ग्राम पंचायत मुरकीनार, चेरामंगी तथा आवापल्ली तथा 18 अक्टूबर 2024 को बासागुड़ा एवं तर्रेम, बरदेला, जांगला, 21 अक्टूबर को इलमिड़ी, उसूर, गलगम, 22 इक्टूबर को पामगल मद्देड़ रूद्रारम, 23 अक्टूबर को भद्रकाली तारलागुड़ा, मिरतुर, तालनार, नेलसनार, 24 अक्टूबर को बरदली, वाडला, कुटरू, फरसेगढ़ 25 अक्टूबर को पदेड़ा, गंगालुर, पुसनार, बुरजी, कावड़गांव 28 अक्टूबर को एरमनार, पेद्दाकोड़ेपाल तथा 29 अक्टूबर को ग्राम पंचायत चिन्नाकवाली एवं कांदुलनार में सम्पन्न होगा।

## कलेक्टर ने शिक्षा व्यवस्था सुधारने बैठक में दिए निर्देश



**सुकमा, 16 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने सोमवार को शिक्षा विभाग के जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के साथ जिले की शिक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने शिक्षा के विभिन्न पहलुओं की बारीकी से जानकारी ली और व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।कलेक्टर ने राज्य छात्रवृत्ति योजना के तहत बच्चों को समय पर छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने, सरस्वती साइकिल योजना के तहत बालिकाओं को साइकिल वितरण की प्रगति, और पाठ्य पुस्तकों के वितरण की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मध्याह्न भोजन योजना सही तरीके से संचालित हो और जिन स्कूलों में भोजन सामग्री रखने के लिए पेटी या अलमारी नहीं हैं, वहां आवश्यक व्यवस्था की जाए।उन्होंने स्कूलों के मरम्मत कार्य में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की और निर्देश दिए कि जर्जर स्कूल भवनों के स्थान पर नए भवन निर्माण के प्रस्ताव शीघ्र तैयार किए जाएं। स्कूल जतन योजना के तहत चल रहे कार्यों और अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में परीक्षाओं के आयोजन पर भी चर्चा हुई, जहां कलेक्टर ने बताया कि अब से हर महीने बोर्ड पैटर्न पर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। प्रश्नपत्र तैयार करने के लिए विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति होगी और स्मार्ट क्लासरूम में शिक्षकों द्वारा बेहतर कंटेंट के माध्यम से अध्यापन सुनिश्चित किया जाएगा।इसके अलावा, जिन स्कूलों की उपस्थिति कम है, उनकी पहचान कर सुधार के निर्देश दिए गए। शाला त्यागी बच्चों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने पर भी जोर दिया गया। नवोदय विद्यालय और एकलव्य स्कूलों में चयनित हिंदी माध्यम के बच्चों को इंग्लिश में सहायता प्रदान करने के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जी आर मंडावी, डी एम सी उमा शंकर तिवारी, एडीपीओ नारायण वर्मा, बीईओ कमलेश श्रीवास्तव, एस आर देवांगन, श्रीनिवास राव, एपीसी आशीष राम,प्रदीप नायर, बैसु मरकाम, रेशमा कसीम, सीताराम राणा, रजनीश सिंह, साक्षरता नोडल अगस्टीन राम, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी चंद्र शेखर सोरी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक दीपक बारसे, वीर भद्रराव,प्रधानी, प्रोग्रामर देवानंद साहू, दिव्या वर्मा, सहायक ग्रेड 2 भोज राज नेताम, ममता कट्टम, लता ठाकुर, सौरभ सिंह, एवं ए सी ऑफिस से भोजपाल उपस्थित थे।

### उल्लास साक्षरता के क्रियान्वयन के लिए विभागों को सौंपे गए दायित्व

**कांकेर 16 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज दोपहर को उल्लास- नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के जिले में सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्वों की जानकारी भी दी गई। कलेक्टर ने उक्त कार्यक्रम को प्राथमिकता से लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश दिए।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के असाक्षरों को पढ़ना, लिखना एवं गणित में दक्ष करना है। इस दौरान उन्होंने इसके अंतर्गत सम्मिलित किए गए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा तथा सतत शिक्षा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में प्रमुखता से शामिल किए गए प्रौढ़ शिक्षा एवं जीवन पर्यन्त शिक्षा, देशव्यापी परीक्षा, वर्ष 2030 तक शत-प्रतिशत लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य तथा इस वर्ष 10 लाख असाक्षरों को साक्षर किए जाने के संबंध में बताया। जिला शिक्षा अधिकारी ने उल्लास कार्यक्रम के लिए राज्य शासन द्वारा निर्धारित किए गए अंतरर्विभागीय समन्वय के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत 17 विभागों को टास्क दिया गया है, जिनमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन, उच्च शिक्षा, आदिवासी विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, समाज कल्याण, श्रम, वन, कृषि, पशुपालन, जनसम्पर्क, सहकारिता, जल संसाधन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, परिवहन, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा, उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, विधि एवं विधायी, खेल एवं युवा कल्याण, गृह एवं जेल, खाद्य नागरिक आपूर्ति, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा ग्रामोद्योग विभाग शामिल हैं।

## जुलूसे-गौसिया का कई जगह स्वागत



**रायपुर, 16 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ गौसुल आजम कमेटी बैजनाथपारा के अनुसार 15 अक्टूबर को जुलूसे गौसिया विशाल पैमाने पर महबूबिया चौक बैजनाथपारा से दोपहर तीन बजे प्रारंभ हुआ जो शहर के विभिन्न मार्गों, दरगाहों से होता हुआ सीरत मैदान बैजनाथपारा पहुंचा जहां हजरत मौलाना तौसीफ रजा खान साहब (बरेली)एवं हजरत मौलाना मो. हाशिम अशरफी (कानपुर) ने परचम कुशाई की रस्म अदा की और हजरत मौलाना एहतेशाम अली फारूकी साहब ने गौस पाक की जीवनी पर प्रकाश डाला। जुलुसे गौसिया में लगभग हर मोहल्लों के जिम्मेदार व आवाम ने भारी तादाद में शिर्कत की अनेक स्थानों पर जुलूस का भव्य स्वागत किया गया।

बेहतरीन जुलूस का प्रथम पुरस्कार पारस नगर को दिया। द्वितीय पुरस्कार संजय नगर को दिया एवं तृतीय पुरस्कार दावते इस्लामी को दिया गया। जुलूस में विशेष रूप से मो.फुरकान, डॉ. मुजाहिद अली फारूकी, हाजी परवेज अख्तर नदीम मेमन, इकबाल शरीफ, बदरुद्दीन खोखर, डॉ. अतीकुर, रहमान, हजरत खान, शोबीभाई, शकील चौहान, मौलाना अ. रज्जाक, मौलाना जहीरूद्दीन शब्बीर, नासिर भाई, कादिर भाई, रमीज अशरफ, मोईन भाई, एहफाज कुरैशी ने जुलूस के संचालन में विशेष भूमिका निभाई।

## तेलंगाना में शरण लिए आदिवासियों की बेदखली दुर्भाग्यपूर्ण:कमलेश झाड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 16 अक्टूबर।** भाकपा जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि। विगत कई वषों पूर्व बस्तर के अंदर भाजपा काग्रेस ने मिलकर नक्सली उन्मूलन के नाम से सलवाजुडूम नामक आंदोलन चलाया गया था जो उग्र और दमनकारी था जिससे प्रभावित होकर बस्तर के कई आदिवासी पड़ोसी राज्यों में पलायन कर गए जिसमें खासकर अधिक से अधिक आंध्र तेलंगाना उड़ीसा में तकरीबन एक लाख से अधिक लोग पलायन कर जंगलों में बसने लगे और कुली मजदूरी कर अपना जीवनी यापन कर रहे थे।समय समय पर इन्हें वापस लाने की माँग राजनैतिक दलों द्वारा सरकार से करते आ रहे थे लेकिन भाजपा काग्रेस की किसी भी सरकार ने इसपर ध्यान नही दिया। जिसका खामियाजा आज बस्तर के आदिवासी भुगत रहे हैं वे जानवरों की तरह जीवन जीने को मजबूर हैं। उनकी सुध लेने वाले कोई नही। सूबे की पूंजीवादी परास्त सरकारें यहां के आदिवासियों को उनके ज़मीन छीनने के उद्देश्य से वोट की राजनीति कर सिर्फ़ उन्हे पलायन करने को मजबूर किया है । जिसका सीपीआई कढ़ी निंदा करती है।कल तेलंगाना में बस्तर के आदिवासियों के साथ हुए बर्बरता की



सीपीआई कड़ी निंदा करती है ।वहीं सीपीआई जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने इस सारे मामले को लेकर भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है की सूबे की विष्णु देव वाली भाजपा सरकार आदिवासी क्षेत्र में आदिवासी हितों को लेकर गंभीर नही है। वे सिर्फ़ देश के पूंजीवादियों की दलाली कर रही है और यहां के आदिवासियों को नक्सल के नाम से बेदखल कर इनके ज़मीनों को बड़े कार्पोरेट के हवाले करना चाहती है। यह मौजूदा सरकार कि प्रमुख नीति है जिसका भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी विरोध करती है।साथ ही सीपीआई मांग करती है कि, हल ही में तेलंगाना से बेदखल हुए बस्तर के आदिवासियों की, सरकार तत्काल संज्ञान में ले और उनके स्थाई रुप से रहने एवं जीवन निर्वाह के साधनों की भी उचित व्यवस्था करें।

### कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर शिक्षक जाकिर खान तत्काल प्रभाव से निलंबित

**सुकमा, 16 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव द्वारा शिक्षक एलबी शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला ढोण्ढरा श्री जाकिर खान को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। सम्बन्धित शिक्षक के संबंध में प्राप्त शिकायत स्कूल में हस्ताक्षर उपरांत शाला से नदारद रहना, अध्यापन कार्य नियमित नहीं करने, दैनंदनी संधारण नहीं करने एवं मद्यपान कर संस्था में उपस्थित रहते हुए कार्यरत सहकर्मियों एवं छात्रों के समक्ष आदर्श आचरण प्रस्तुत नहीं किये जाने की पुष्टि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड कोण्टा के द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में हुई है। उनका कृत्य छत्तीसगढ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के प्रतिकूल होने के फलस्वरूप श्री जाकिर खान शिक्षक एलबी शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला ढोण्ढरा विकास खण्ड कोण्टा को छत्तीसगढ सिविल सेवा वर्गीकरण, नियत्रण एवं अपील नियम 1966 नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित किया गया है। निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड कोण्टा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में सम्बन्धित को जीवन-निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### नाइट लैण्डिंग हेलीपैड साफ-सफाई तथा बेस कार्य के लिए निविदा आमंत्रण

**बीजापुर 16 अक्टूबर।** नाईट लैण्डिंग हेलीपैड साफ-सफाई, मिट्टी फिलिंग एवं बेस कार्य तथा सीमेंट कांक्रिट कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि 14 अक्टूबर 2024 तथा निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2024 अपरान्ह 3 बजे तक, निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 04 नवम्बर 2024 अपरान्ह 3 बजे तक तथा उसी दिन 04 नवम्बर 2024 अपरान्ह 4 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जाएगी।

## खेलेगा सुकमा-बढ़ेगा सुकमा की थीम पर बस्तर ओलम्पिक का होगा आयोजन




**सुकमा, 16 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव के निर्देशन में बस्तर ओलंपिक 2024 का जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बस्तर क्षेत्र के युवाओं को रचनात्मक और खेल प्रतिभा के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। सुकमा जिले में खेलेगा सुकमा तो बढ़ेगा सुकमा की थीम पर बस्तर ओलंपिक के आयोजन को लेकर प्रशासन सक्रिय भूमिका निभा रहा है। सोशल मीडिया, पोस्टर, ऑडियो वीडियो जैसे विभिन्न माध्यमों से खेलों के पंजीयन कराने व्यापक प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के बीच इस प्रतियोगिता को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।कलेक्टर श्री ध्रुव के मार्गदर्शन में जिले में प्रतियोगिता की जानकारी पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और प्रचार वाहन लगाए गए हैं। सुकमा जिले के स्कूलों, कॉलेजों, और ग्राम पंचायतों में बस्तर ओलंपिक की महत्ता पर जोर दिया जा रहा है। व्यक्तिगत एवम् गसामुहिक ग्रामीण खेलों, जैसे खो-खो, कबड्डी, कबड्डी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स में पंजीयन किया जा रहा है। इस आयोजन में सभी उम्र के खिलाड़ियों के लिए दो वर्गों में प्रतिस्पर्धा की व्यवस्था की गई है, जिससे स्थानीय युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का एक अनोखा मंच मिल रहा है। प्रशासन द्वारा खेल के मैदानों की तैयारी का काम तेज गति से किया जा रहा है। खेल आधिकारी श्री विरुपाक्ष पौराणिक ने बताया कि बस्तर ओलंपिक खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर के साथ ही क्षेत्रीय संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है। इस आयोजन से युवाओं में अनुशासन, टीम वर्क और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा मिलेगा, जिससे भविष्य में सुकमा जिले से कई नए खिलाड़ी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने बताया कि बस्तर ओलंपिक में पंजीयन प्रारंभ हो गई है, जिलेवासी अपना पंजीयन जनपद पंचायत, बीईओ कार्यालय, नगरीय निकाय, जिला खेल अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। जिलेवासी 20 अक्टूबर 2024 तक अपना पंजीयन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से कर सकते हैं।

## शिकायत के बाद जिले की टीम जानकारी लेने चितलनार पहुंची



**सुकमा, 16 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सूत्रों से मिली खबर है कि वर्तमान 4 दिनों में अज्ञात बीमारी के चलते 4 लोगों की हो चुकी है मौत ऐसा माना जा रहा है कि चितलनार क्षेत्र में फैली बीमारी अज्ञात है, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बीते 10 अक्टूबर को चितलनार गाँव मे शिविर लगाया गया था, शिविर में मौजूद प्रभारी चिकित्सक से मामले की जानकारी लेने पर गाँव मे आम जनों की हालत सामान्य बताई गई थी, जिसके बावजूद आज जो स्थिति बनी हुई है, उसे संभालना मुश्किल साबित हो रहा है।मामले की जानकारी जिला प्रशासन तक पहुँच चुकी है, जिला स्वास्थ्य टीम गाँव की स्थिति की जानकारी लेने पहुँच रहे।

## कार्यशाला में युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया



**सुकमा, 16 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में आज औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, आजीविका प्रशिक्षण कॉलेज, एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्रों के बीच नशामुक्त भारत अभियान के तहत एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में एडिशनल एसपी श्री वाजपेयी, जनपद सीईओ सुश्री मधु तेता, डीडी समाज कल्याण विभाग श्री संजय पांडे, डीसीपीओ श्री जितेंद्र बघेल उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना था। वर्कशॉप में 150 से अधिक छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और नशामुक्ति के महत्व पर गहन चर्चा कर नशामुक्त भारत अभियान की शपथ ली गई। अधिकारियों ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला और इससे दूर रहने के उपाय सुझाए।

### बस्तरिया ओलिंपिक के लिए पंजीयन 20 अक्टूबर तक



**सुकमा, 16 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा तैयार है खेल के रंग में डूबने के लिए! ग्बस्तरओलंपिक2024 के तहत %खेलेगा सुकमा-बढ़ेगा सुकमा की थीम पर स्थानीय खेल प्रतिभाओं को मिलेगा मंच। खो-खो, कबड्डी, तीरंदाजी और एथलेटिक्स में भाग लेकर अपना हुनर दिखाएं।बस्तरिया ओलंपिक के लिए पंजीयन 20 अक्टूबर तक किया जाएगा ।जल्द से जल्द रजिस्टर करें।

# हाथियों के आतंक से ग्रामीण परेशान,कुछ रात पक्के मकान की छतों पर बिता रहे हैं तो कुछ पानी की टंकी में रात बिताने मजबूर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,16 अक्टूबर।** मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लगभग एक दर्जन से ज्यादा ग्रामों के हजारो आदिवासी कमार जनजाति के ग्रामीण पिछले 15-20 दिनों से जंगली हाथियों के दल के आतंक से भारी भयभीत है और अपने जान बचाने दोपहर 3 बजे के बाद अपने घरो से नही निकल पा रहे है हाथियों का दल प्रभावित ग्रामों मे लगातार पहुंच कर सैकड़ो एकड़ धान, मक्का, दलहन, तिलहन एवं सब्जी की फसल को पुरी तरह से नुकसान पहुंचाया है इस जानकारी के साथ ही संवेदनशील विधायक जनक लाल ध्रुव ने तत्काल हाथी प्रभावित ग्राम सिहार पहुंचने के लिए नदी होने के कारण घुटने तक पैरी नदी को पारकर और 04 किमी मोटरसायकल चलाते हुए ग्रामीणों से मिलने पहुंचे

विधायक के ग्राम सिहार पहुंचने की जानकारी लगते ही वन विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी छबिलाल ध्रुव और वन विभाग का अमला ग्राम सिहार पहुंचे तो ग्रामीणों ने विधायक के सामने वन विभाग के स्थानीय अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई और कहा हाथियों के द्वारा पिछले 15 दिनों से सिहार व आसपास के दर्जनो ग्रामों मे सैकड़ो एकड़ धान, मक्के के फसल को बर्बाद कर दिया है विधायक के गांव आने की खबर लगते ही वन विभाग के अधिकारी पीछे पीछे दौड़ते आये है इसके पहले कई बार अधिकारियों को समस्याओं से अवगत करा चुके है लेकिन एकबार भी वन विभाग के अफसर इस गांव मे नही पहुंचे थे विधायक जनक ध्रुव सिहार के बाद ग्राम देहारगुड़ा, गिरहोला, रामपारा, लुठापारा, दबनई, फसरा, छिन्दौला पहुंचे और गांव मे पैदल घुम- घुमकर ग्रामीणों से हालाचाल जाना साथ ही पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर समस्या सुनी। इस दौरान इस क्षेत्र के ग्राम सिहार, छिन्दौला, लुठापारा, लेड़ीबहार, खोलापारा, धोबीपारा, कोयलीबेड़ा के ग्रामीणों ने विधायक से कहा हाथियों के आतंक से हमें बचाओ हाथियों के द्वारा सैकड़ो एकड़ फसल को बर्बाद कर दिया है वन विभाग द्वारा अबतक कोई मुआवजा राशि नही दिया गया है और हाथी प्रभावित ग्रामों मे वन विभाग के अधिकारी पहुंच भी नही रहे है सिर्फ सड़क से फोटो खींचवाकर चले जा रहे है ग्रामीणों को उनके हाल मे जीने छोड़ दिया गया है।इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदू यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, महामंत्री नेहाल नेताम, डोमार साहू, अशोक दुबे, रोशन राठौर, रामसिंह नागेश, पूरन मेश्राम, सरपंच घनश्याम नागेश, सरपंच दुलेश्वरी नागेश, डिगेश्वरी साण्डे, लोकेश साण्डे, कंवल सिंह, भानुशंकर पांड़े, दयाराम यादव सहित सैकड़ो की संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे और पुलिस के जवान सुरक्षा मे तैनात थे।

### वन मंत्री से विभाग के अफसरों की लापरवाही का शिकायत करूंगा: जनक ध्रुव

हाथी प्रभावित गांव में दौरा करने के बाद विधायक जनक ध्रुव ने वन विभाग के अफसरो पर लापरवाही का गंभीरा आरोप लगाते हुए कहा हाथी प्रभावित गांवो में ग्रामीणों को वन विभाग द्वारा सुरक्षा की कोई सुविधा मुहैया नही करायी गई है सैकड़ो एकड़ धान और मक्का की फसल बर्बाद हो गई है मै स्वयं मोटरसायकल के माध्यम से आज कई गांवों में पहुंचकर जायजा लिया आज सुबह हाथियों ने ग्राम सिहार में हमला कर ग्रामीणों के मकानो को तोड़ फोड़ किया है ग्रामीणों भारी दहशत है ग्रामीण दोपहर के बाद घरो से बाहर नही निकल पा रहे है रात रात भर प्रधानमंत्री आवास के उपर खुले आसमान के नीचे अपने छोटे छोटे बच्चो को लेकर रात काटने मजबूर हो रहे है गांव वालो को टॉर्च और मशाल तक की व्यवस्था वन विभाग द्वारा करना चाहिए। विधायक श्री ध्रुव ने कहा दो दिन के भीतर रायपुर पहुंचकर वन मंत्री केदार कश्यप से मुलाकात कर इस समस्या से अवगत कराउंगा उन्होने कहा किसानो को तत्काल फसल मुआवजा राशि उपलब्ध करायी जाये नही तो जरूरत पड़ी तो मैं स्वयं आंदोलन करूंगा।

### मुआवजा के साथ टॉर्च, मशाल, सायरन देने की मांग की

ग्राम छिन्दौला मे हाथी मित्र दल के सदस्यों ने विधायक जनक ध्रुव को अपना दर्द बताते हुए कहा कि उन्हे 09 माह से विभाग द्वारा मजदूरी राशि वेतन नही मिला है और वाहन की भी सुविधा नही है। सरपंच घनश्याम नागेश, दुलेश्वरी नागेश, डिगेश्वरी सांडे व ग्रामीणों ने बताया प्रतिदिन दोपहर 3 बजे के बाद हाथियों का दल कोई न कोई गांव मे प्रवेश कर रहा है और हाथियों को गांव से बाहर खदेडने के लिए वन विभाग द्वारा अभीतक ग्रामीणों को टॉर्च, मशाल, मिटटी तेल, सायरन जैसे जरूरी संसाधन भी उपलब्ध नही कराया गया है जबकि इस क्षेत्र मे कई लोगो की मौत पूर्व मे हाथी के हमले से हो चुकी है।

## एक नजर

### चावल जमा करने में लापरवाही बरतने वाले राइस मिलरों की बैंक गारंटी राजसात करने कलेक्टर ने दिए निर्देश



**रायगढ़, 16 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। रायगढ़ जिले में पंजीकृत राईस मिलरों से किये गये अनुबंध अनुसार शासन से धान उठाव के विरुद्ध कस्टम मीलिंग चावल जमा कराया जा रहा है जिसमें कुछ राईस मिलरों द्वारा चावल जमा करने में लापरवाही बरतने की बात सामने आने पर कलेक्टर श्री गोयल ने उनके द्वारा जमा बैंक गारंटी को राजसात करने के निर्देश समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए।कलेक्टर श्री गोयल ने स्कूली बच्चों के अपार आईडी बनाने के संबंध में शिक्षा विभाग से जानकारी ली। डीईओ ने बताया कि अपार आईडी के लिए जानकारी ऑनलाइन दर्ज व वेरिफाई कर बच्चों के अपार आईडी बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने अगली बैठक से संकुल वार अपार आईडी बनाने की समीक्षा की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने तिमाही परीक्षाओं के बाद रिजल्ट की समीक्षा और यूनिट टेस्ट के विश्लेषण के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा की। शहरी क्षेत्र में कार्ड निर्माण की धीमी प्रगति को लेकर उन्होंने असंतोष जताया और गति बढ़ाने के निर्देश सीपीएम को दिए। उन्होंने सभी बीएमओ से कहा कि वे अपने विकासखंड में पंचायतों में आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की मॉनिटरिंग करें, हर हफ्ते आयुष्मान कार्ड निर्माण की जानकारी अब उनसे ली जाएगी। इसके साथ कलेक्टर श्री गोयल ने राशन कार्ड के ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा भी बैठक में की और इसमें भी प्रोग्रेस लाने के निर्देश दिए। पीएम आवास के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वीकृत किंतु अप्रारंभ कार्यों को शुरू कराने के लिए कलेक्टर श्री गोयल ने निर्देश दिए। बैठक में रायगढ़ मेडिकल कॉलेज के नवपदस्थ डीन डॉ.विनीत जैन भी शामिल हुए। कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में मेडिकल कॉलेज में मरीजों के बेहतर उपचार को लेकर चर्चा की। इस दौरान मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान तैनात करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नियमित रूप से कचरे का कलेक्शन के लिए नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया गया। बैठक में कलेक्टर श्री गोयल ने केलो परियोजना में नहर निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मुआवजा वितरण और नहर निर्माण के लिए टेंडर के बारे में जानकारी ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ियों में भर्तियां जल्द करें पूरीउन्होंने जिले के विभिन्न ब्लॉक्स में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की भर्ती को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल अधिकारी को प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा सभी ब्लॉक स्तर पर समितियों से आवश्यक कार्यवाही करते हुए भर्ती जल्द पूर्ण कर ली जाए। उल्लेखनीय है कि जिले में 35 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 377 सहायिकाओं की भर्ती होनी है।

### जोबी कॉलेज की महिला कबड्डी टीम ने सरिया की टीम को हराया



**रायगढ़, 16 अक्टूबर।** ग्राम कुसमुरा में मंगलवार को आयोजित हुई सेक्टर स्तरीय महाविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता में सुदूर ग्रामीण अंचल के ग्राम जोबी के शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने अपने बेहतरीन खेल से सरिया महाविद्यालय की टीम को हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। इस मैच ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया और खिलाड़ियों की मेहनत ने सबका दिल जीत लिया।सहायक प्राध्यापक एवं क्रीड़ा अधिकारी (कोच) श्री वासुदेव प्रसाद पटेल से ट्रेंड जोबी कॉलेज की टीम ने अपने दांव-पेंच और तेजी से सभी को प्रभावित करने का निश्चय किया था। जैसे ही मैच की शुरुआत हुई खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक था। दोनों टीमों के बीच जोरदार प्रतिस्पर्धा चल रही थी। जोबी कॉलेज की कप्तान कु.सोनम राठिया ने पहले ही राउंड में शानदार कबड्डी का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी रणनीति को बखूबी लागू करते हुए विरोधी टीम के खिलाड़ियों को एक के बाद एक बाहर करने की कोशिश की।

## लोगों को प्राथमिकता से शासकीय योजनाओं का दिलाएं लाभ:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 16 अक्टूबर।** कलेक्टर ने सभाकक्ष में आज समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव भी दिये। उन्होंने कहा कि लोगों को गंभीरतापूर्वक शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाएं। लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करें। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि लोगों को आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि एवं पीएम जनमन योजना के तहत विभिन्न सुविधाओं से लाभान्वित किया जाये। साथ ही योजनाओं को शत प्रतिशत सेचुरेशन भी किया जाये। बैठक में कलेक्टर ने पीएम श्री स्कूल एवं गौरव गरियाबंद अभियान की जानकारी लेकर बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएम पोषण अभियान के तहत मध्यान्ह भोजन एवं स्व सहायता समूह के माध्यम से संचालन की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में सम्पूर्णता अभियान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति, अनुकम्पा नियुक्ति, अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारी- कर्मचारी पर कार्यवाही एवं कार्यालयों में प्रतिदिन समय पर उपस्थिति के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में डीएफओ श्री लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर श्री अरविंद पाण्डेय सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। समय - सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावास, स्वास्थ्य केन्द्र एवं शासकीय राशन दुकानों के निरीक्षण के लिए पंचायतवार नियुक्त नोडल अधिकारियों को माह के द्वितीय शनिवार को ग्राम पंचायतो का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। साथ ही निरीक्षण का पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने आवारा मवेशियों के नियंत्रण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने, मौसमी बीमारियों के रोकथाम के उपायो की चर्चा, राशन कार्ड ई-केवायसी, जल जीवन मिशन, वजन त्यौहार, पोषण माह एवं धान खरीदी केन्द्रों के नवीन प्रस्तावों पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की। कलेक्टर ने डेंगू रोग के रोकथाम एवं नियंत्रण के संबंध में चर्चा कर स्वास्थ्य अमले को आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे कार्यो की जानकारी लेकर निर्माण कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करवाने के भी निर्देश दिये।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी जन सामान्य की समस्याएं



**रायगढ़, 16 अक्टूबर।** जन सामान्य के समस्याओं के निराकरण के लिए प्रति सप्ताह कलेक्टोरेट परिसर के सृजन सभाकक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जनदर्शन के माध्यम से जिले भर से आए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर बुलाकर आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

विकासखंड पुसौर के ग्राम तेलीपाली निवासी श्रीमती रूपबाई बंजारे स्कूल बस का परिवहन शुल्क माफ करने के संबंध में आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री कक्षा चौथी में आरटीई के तहत वैदिक इंटरनेशनल स्कूल रायगढ़ में अध्यनरत है। लेकिन उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण वह अपनी पुत्री के परिवहन शुल्क चुकाने में असमर्थ है, इसलिए आगे की पढ़ाई गांव की ही स्कूल में करवाना चाहती है। उन्होंने कलेक्टर श्री गोयल से परिवहन शुल्क माफ करवाकर पुत्री का स्थानांतरण प्रमाण प्रदान करवाने का निवेदन किया। कलेक्टर श्री गोयल ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन पर कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत कौवांताल के आश्रित ग्राम राईतराई एवं ग्राम बुलाकी के ग्रामीणों ने दोनों ग्राम को मिला कर अन्य ग्राम पंचायत बनने की मांग को लेकर आज जनदर्शन में पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि उन्हें अपने ग्राम पंचायत जाने के लिए 5 से 7 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। जिससे दोनों ग्राम पंचायत ग्रामों के ग्रामीणों को काफी समस्या होती है। उन्होंने कलेक्टर श्री गोयल से आग्रह किया कि ग्राम पंचायत कौवांताल के आश्रित ग्राम राईतराई एवं कवंरिहा के आश्रित ग्राम बुलाकी का परिसीमन कर एक ग्राम पंचायत बनाया जाए ताकि ग्रामीणों की समस्या दूर हो सके। जूटमिल निवासी श्री प्रतीक्षा सिंह आज रोजगार प्राप्ति हेतु आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वे गरीबी रेखा अंतर्गत जीवन यापन करते हैं।

उन्होंने बताया कि वह एमएससी बॉटनी से अपनी शिक्षा पूर्ण करने पश्चात कंप्यूटर जैसे अन्य योग्यता रखती है। उन्होंने परिवार की जीविका का चलाने हेतु रोजगार उपलब्ध करवाने का निवेदन किया। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने जिला रोजगार अधिकारी को संबंधित आवेदन पर कार्यवाही के निर्देश दिए। आवेदक शासकीय उचित मूल्य की दुकान छोटे पडरमुड़ा के प्रभार के एवज में पैसा मंगाने की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत छोटे पंडरमूडा का शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन सुरभि स्व-सहायता समूह को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजस्व द्वारा संचालित हेतु आदेशित किया गया है। लेकिन खाद्य विभाग के अधिकारी बनमाली यादव द्वारा अभी तक प्रभार नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर श्री गोयल से शिकायत किया कि प्रभार देने के लिए रकम की मांग की जा रही है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बरपाली के हितग्राही जनवरी एवं फरवरी 2024 के राशन की मांग को लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत

## तेलंगाना के भूपालपल्ली जिले में रह रहे 27 परिवारों को वन विभाग ने किया जमीन और घर से बेदखल



**बीजापुर,16 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बेदख़ल किए गए परिवारों में बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के परिवार शामिल।दर असल ये परिवार नकसली विरोधी अभियान के दौरान पुलिस और नकसलियों के दहशत से अपने गांव खेत आदि छोड कर सीमा पार तेलंगाना के भोपाल पलली के जंगली क्षेत्र मे जाकर बस गये थे अब उन परिवारों को. तेलंगाना के वनविभाग ने अचानक गांव से बेदखल कर उन परिवारों को छत्तीसगढ़ की सीमा तारलागुडा मे लाकर भगवान भरोसे छोड दिया है बेघर बार हुये इन 27 से अधिक परिवार के सामने सर.छुपाने की मुसीबत बन पडी है भूखे प्यासे इन परिवारों को वहां.के सरपंच ने खाना खिला दिया है पर ये कब तक चलेगा इस मामले को गंभीर मानते हुए बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने जिला प्रशासन को अवगत कराते हुये हस्तक्षेप करने को कहा है

## घरेलू सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग पर कलेक्टर ने एक प्रतिष्ठान पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

**रायगढ़, 16 अक्टूबर।** घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करते पाए जाने पर एक मामले में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। कलेक्टर श्री गोयल ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को घरेलू सिलेण्डर के व्यवसायिक दुरूपयोग पर लगातार जांच व कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। रायगढ़ के अन्नपूर्णा भोजनालय एवं रेस्टोरेंट की जांच खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा किया गया। जिसमें यहां घरेलू उपयोग वाला लाल सिलेण्डर (भर्ती 14.2 किलो ग्राम)का उपयोग होटल के चूल्हे में करना पाया गया। इस संबंध में होटल संचालक को नोटिस दिया गया। प्रकरण में संलग्न प्रतिवेदन एवं दस्तावेजों के आधार पर होटल संचालक श्री आनंद कुमार शर्मा द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक दुरूपयोग किया जाना स्वीकार किया गया। इस मामले में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन)आदेश 2000 के कंडिका-3 (ग)एवं कंडिका-7.1 (ग)का स्पष्ट उल्लंघन के तहत जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा की धारा 3/7 (1 के अंतर्गत) श्री आनंद कुमार शर्मा-अन्नपूर्णा भोजनालय एवं रेस्टोरेंट पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए घरेलू गैस सिलेण्डर को राजसात किया गया।

## बीजादुतीर स्वयंसेवकों ने मनाया विश्व हाथ धुलाई दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 16 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में बीजादूतीर कार्यक्रम के अंतर्गत बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने विकासखंड बीजापुर, भैरमगढ़, भोपालपटनम और उसूर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों, आश्रमों और आंगनबाड़ियों में बच्चों को हाथ धोने की सही विधि सिखाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।हाथ धुलाई का महत्व स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है, और इस दिन स्वयंसेवकों ने विशेष रूप से इस पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने बच्चों को समझाया कि हाथ धोना केवल एक स्वच्छता की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह कई बीमारियों से बचाव का एक प्रभावी उपाय है। कार्यक्रम में शामिल बच्चों और समुदाय के लोगों को बताया गया कि खाना खाने से पहले, शौच के बाद और गंदे चीजों को छूने के बाद हाथ धोना कितना आवश्यक है। स्वयंसेवकों ने बताया कि हाथों की साफ-सफाई न होने से कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। आंकड़ों के अनुसार, 80त्न बीमारियों का कारण हाथों की साफ-सफाई का अभाव होता है। इससे बच्चों में कुपोषण, डायरिया और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ सकता है। इसलिए, साबुन से हाथ धोना एक साधारण लेकिन प्रभावी तरीका है, जो बीमारियों से बचाने में मदद करता है।कार्यक्रम में बच्चों को हाथ धोने की प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया गया। उन्हें साबुन और पानी का सही उपयोग करते हुए दिखाया गया कि किस प्रकार से हाथों को धोना चाहिए। बच्चों ने इस गतिविधि में सक्रिय भाग लिया और अपने दोस्तों को भी यह प्रक्रिया सिखाने का प्रयास किया। इसके अलावा, स्वयंसेवकों ने ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों को भी इस अभियान में शामिल किया। उन्हें स्वच्छता के महत्व और स्वास्थ्य को बनाए रखने के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया। महिलाएं और किशोरियां बच्चों की देखभाल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इसलिए उनका इस अभियान में शामिल होना आवश्यक था। इस विशेष अभियान में बीजादूतीर स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा । बीजादूतीर जिलें में व्यवहार परिवर्तन पर लगातार प्रयासरत हैं।स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वयंसेवकों ने गांवों में पोस्टर और बैनर भी लगाए, जिसमें हाथ धुलाई के महत्व को दर्शाया गया। इससे ग्रामीण समुदाय में इस संदेश को फैलाने में मदद मिली।समुदाय के सदस्यों ने इस पहल की सराहना की और यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया कि वे अपने बच्चों को हाथ धोने की आदत डालें। कार्यक्रम के अंत में, स्वयंसेवकों ने सभी से अपील की कि वे अपने जीवन में साफ-सफाई को प्राथमिकता दें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस प्रकार, बीजादूतीर स्वयंसेवकों ने विश्व हाथ धुलाई दिवस को सफलतापूर्वक मनाते हुए, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। यह पहल न केवल बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगी, बल्कि पूरे समुदाय को एक स्वस्थ जीवन जीने की दिशा में प्रेरित करेगी। इस विशेष अभियान में बीजादुतीर स्वयंसेवकों का योगदान सराहनीय रहा ।बीजादूतीर स्वयंसेवक जिलें में व्यवहार परिवर्तन पर लगातार प्रयासरत हैं ।

## निधन

### भगवानी भारती



**गरियाबंद।** आमदी निवासी भगवानी भारती उम्र- 62 वर्ष का आज दोपहर निधन हो गयावे क्षेत्र के लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे और लोगो के मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे वे अपने पीछे भरपूरा परिवार छोड़ गए। वे अभय बीज भंडार के संचालक घनश्याम भारती, हरेन्द्र भारती, चुन्नी भारती एवम चोवा भारती के पिता जी थे।

## एक नजर

### जितेन्द्र यदु कृषि महाविद्यालय के विधायक प्रतिनिधि बने



**भाटापारा 16 अक्टूबर।** विधायक इंद्र साव ने शासकीय दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय में छात्र सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए, जितेंद्र यदु को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया राजनीतिक पृष्ठभूमि से आने वाले जितेंद्र एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष भी है उनकी इस नियुक्ति पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है जितेंद्र शर्मा, सत्यजीत शेंडे ,मुकेश हैवार,किशन निर्मलकर, मनमोहन कुर्रे,मोहन निषाद शादाब जालियावाला आदर्श यदु , हरीश लहरे ,शशांक चौबे, आकिब मेमन,हितेश साहू , लक्की लहरे,अल्ताब खान ने शुभकामनाएं प्रेषित की और बधाई दी।

### मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 16 अक्टूबर।** प्रार्थी महेंद्र कुमार टिकरिहा निवासी अंबुजा सीमेंट प्लांट रवान द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 14.10.2024 को शाम लगभग 05ः00 बजे वह साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने गया हुआ था, कि इसी बीच उसके जेब से रखे वनप्लस मोबाइल को किसी अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 721/2024 धारा 303(2) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संदेही सुशील को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ पर उसके द्वारा घटना दिनांक को भाटापारा से बस में बैठकर साप्ताहिक बाजार रवान आना एवं प्रार्थी का मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया गया। कि आरोपी से चोरी का मोबाइल वन प्लस कंपनी कीमती ?17,500 बरामद किया गया है। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 14.10.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर, माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# अनुभाग में शिविर लगाकर बनाएं आय जाति व निवास प्रमाण पत्र:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार,16अक्टूबर।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय - सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की।उन्होने विद्यार्थियों के आय, जाति तथा निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए राजस्व अनुभाग स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए सीएमएचओ व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आपसी समन्वय से प्रगति लाने कहा।

कलेक्टर ने सौंरा बस्ती में पेजल की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी बलौदाबाजार को एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में पीएचई के द्वारा बलौदाबाजार से सौंरा बस्ती तक पाईप लाईन बिछाया गया है, उसी पाईप लाईन को दुरुस्त कर पानी सप्लाई करें। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गो से आवारा मवेशियों को हटाने के लिए पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को सड़क किनारे शासकीय भूमि के चिन्हांकन एवं आवश्यक व्यवस्था शीघ्र करने के निर्देश दिए। आगामी धान खरीदी से पूर्व कस्टम मिलिंग की समस्या क़ा निरकारण करने के लिए सहकारिता एवं खाद्य विभाग के अधिकारियो को टीम गठित कर अवश्यक कार्यवाही करने कहा।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत राशि स्वीकृत होने के बाद भी जिन स्कूलों में कार्य अप्रारम्भ हैं उन स्कूलों के मरम्मत के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को जारी राशि वसूली के निर्देश दिए।इसीतरह नगरीय निकायों में ठेला या सडक किनारे दुकान लगाने वाले दुकनदारों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में पंजीयन कराकर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार 15 वर्ष से अधिक पुराने शासकीय वाहनों को निष्प्रयोज्य घोषित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए एमएमटीसी पोर्टल में पंजीयन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होने लम्बे समय तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही में तेजी लाने कहा। कलेक्टर ने बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए आवेदनों क़ा निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए।

# जांगड़ा गांव को प्रदान किया गया हर घर जल का प्रमाणपत्र



**बलौदाबाजार,16 अक्टूबर।** जिले के सिमगा विकासखंड के ग्राम जांगड़ा को जल जीवन मिशन अंतर्गत 'हर घर जल' का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। उक्त प्रमाण पत्र इस बात का प्रमाण है कि गांव के हर घर में अब स्वच्छ पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से राजकुमार कोशले ने गांव वासियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह गांव के लिए गौरव का क्षण है। हर घर जल' योजना का मुख्य उद्देश्य देश के हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है और ग्राम जांगड़ा ने इस दिशा में एक मिसाल पेश की है। गायत्री निषाद,मनीष वर्मा,सरोजनी वर्मा,उत्तरा बाई वर्मा द्वारा गांव में एफटीके किट के माध्यम से नियमित पेयजल का जांच किया जाता है ताकि जल में किसी प्रकार की गुणवत्ता में कमी ना हो साथ ही साथ गोवर्धन यादव एवं रतन वर्मा के द्वारा योजना के नियमित संचालन और रखरखाव के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। गांव के सरपंच श्री मति हीरामणि धुरंधर ने कहा इस उपलब्धि के पीछे गांव वासियों का अथक प्रयास और सरकार का सहयोग रहा है। अब हमारे गांव के लोगों को स्वच्छ पानी के लिए दूर-दूर तक नहीं जाना पड़ेगा। इस योजना के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का बहुत-बहुत धन्यवाद कहा। 'हर घर जल' योजना के तहत गांव में किए गए प्रमुख कार्य में पाइपलाइन बिछाना, ओवरहेड टैंक का निर्माण,प्लेट फार्म एवं टैप कनेक्शन का निर्माण कर गांव वालो को सौपा गया उक्त कार्यक्रम में उपस्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से कन्हैया लाल देवांगन सहायक अभियंता,हरिशंकर कौशल उप अभियंता एवं जिला समन्वयक मनोज कुमार राठौर, ग्राम सचिव नरेश कुमार वर्मा ग्राम के ठेकेदार अश्वनी कुमार वर्मा सहित समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# प्रशंसनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले आरक्षक किए गए सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 16 अक्टूबर।** थाना गिधपुरी क्षेत्र अंतर्गत हत्या के मामले में आरोपी को पकड़ने वाली टीम- कल दिनांक 14 10.2024 को थाना ग्राम जुनवानी पुराना पत्थर खदान के पास आरोपी द्वारा अपनी पत्नी ज्योति रात्रे की चरित्र शंका पर कैंची, पत्थर एवं लोहे के हथोड़ा से निर्मम हत्या कर दी गई। इस दौरान आरोपी पति धीरज रात्रे को गिरफ्तार करने में आरक्षक जितेंद्र निषाद एवं आरक्षक राजेश नवरंगे द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। थाना हथबंद क्षेत्र अंतर्गत भारी मात्रा में शराब का जखीरा बरामद- दिनांक 13.10.2024 को ग्राम केसदा स्थित एक फार्महाउस से भारी मात्रा में शराब का जखीरा पकड़ा गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा 34,30,000 कीमत मूल्य का कुल 532 पेटी शराब बरामद किया गया तथा मामले में कुल 03 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। संपूर्ण प्रकरण में इतनी भारी मात्रा में एमपी शराब के डंप किए जाने की सूचना आरक्षक लोरिक शांडिल्य द्वारा ही अपने सूचना तंत्र के माध्यम से प्राप्त किया गया, जिससे पुलिस टीम को शराब के जखीरे को बरामद करते हुए 03 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। थाना गिधपुरी क्षेत्र अंतर्गत हत्या के मामले की आरोपी को पकड़ने एवं ग्राम केसदा स्थित फार्म हाउस से इतनी बड़ी मात्रा में शराब के जखीरा को बरामद करने में किये गए उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए आज दिनांक 15.10.2024 को पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर इसमें शामिल सभी 03 आरक्षकों को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित तीनों आरक्षकों को शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए भविष्य में भी ऐसे ही सजगता एवं पूरी तन्मयता के साथ कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

### जमीन विवाद के चलते भतीजे ने चाचा को मौत के घाट उतारा

**भखारा 16 अक्टूबर।** नगर पंचायत भखारा-भठेली में हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें ग्राम-भठेली वार्ड क्रमांक -11 में जमीन विवाद पर भतीजा ने अपने चाचा को मौत के घाट उतार दिया है इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। हत्या की सूचना पाकर भखारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है इस सम्बंध में थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि मृतक बिहारी लाल ढ़ीढ़ी उम्र -74 वर्ष और उनके भतीजे शीत कुमार ढ़ीढ़ी उम्र - 41 वर्ष ग्राम भठेली के बीच जमीन को लेकर 20 वर्षो से विवाद चल रहा था। बुधवार की सुबह इसी बात को लेकर दोनो के बीच विवाद हो गया। जिस पर तैश में आकर आरोपी शीत कुमार ने अपने चाचा के सिर के ऊपर लोहे के पट्टे से वार कर दिया।

### ऑनलाइन शापिंग में घातक हथियारों का विज्ञापन प्रदर्शित करने वाले को नोटिस जारी

**बलौदाबाजार 16 अक्टूबर।** पिछले कुछ दिनों में जिले में घटित विभिन्न अपराधों के विश्लेषण से यह पाया गया कि इन अपराध में शामिल अधिकांश अपराधी युवा वर्ग से है तथा इन अपराधों में चाकू, छुरी आदि का इस्तेमाल किया गया है तथा यह चाकू, छुरी इन आरोपियों द्वारा ऑनलाइन मार्केटिंग साईट द्वारा ऑर्डर कर मंगवाया गया था। अपराध नियंत्रण हेतु इस प्रकार से ऑनलाइन शॉपिंग साइट में घातक हथियारों को खरीदने हेतु विज्ञापन जारी करने वाले शॉपिंग साइट पर शिकंजा कसना एवं इन पर नियंत्रण रखना अत्यंत आवश्यक है।


## कार्यालय कलेक्टर कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

**//निविदा आमंत्रण//**

क्रमांक/ 5839/नजारत/कैन्टीन/निविदा/ 2024 कोण्डागांव दिनांक 04/10/2024

**''संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में कैन्टीन संचालन हेतु निविदा आमंत्रण''**

संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में एक वर्ष के लिए कैन्टीन संचालन हेतु जिले में स्थापित, इच्छुक, अनुभवी पंजीकृत महिला स्वयं सहायता समूहों से कलेक्टर, कोण्डागांव के नाम से मुहर बंद निविदा दिनांक 21/10/2024 दोपहर 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 21/10/2024 दोपहर 03:00 बजे निविदा खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 500/- (पाँच सौ रूपये) रखी गई है, जो कार्यालयीन दिवस में सायं 5.30 बजे तक कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-2 से प्राप्त की जा सकती है। क्रय राशि बैंकर्स चेक/ड्राफ्ट के जरिये कलेक्टर, कोण्डागांव के नाम से देय होगी। निविदा से संबंधित अधिकतम जानकारी जिले के वेबसाईट www.kondagaon.gov.in के माध्यम से भी डाऊनलोड किया जा सकता है।

कलेक्टर
जिला कोण्डागांव

जी-242503173/3


### उप पुलिस अधीक्षक ऐश्वर्य चंद्राकर पदोन्नत होकर बने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



**बलौदाबाजार 16 अक्टूबर।** 15 अक्टूबर को कंट्रोल रूम बलौदाबाजार में उप पुलिस अधीक्षक श्री ऐश्वर्य चंद्राकर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति पर अशोक स्तंभ लगाकर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री ऐश्वर्य चंद्राकर के कंधे पर अशोक स्तंभ लगाकर एवं कैप पहनाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर शुभकामनाएं दी गई। वर्तमान में श्री ऐश्वर्य चंद्राकर एसडीओपी भाटापारा के पद पर पदस्थ है।

# अंबेडकर भवन सासाहोली तिल्दा-नेवरा में 17 अक्टूबर को मेगा जॉब फेयर

**तिल्दा नेवरा 16 अक्टूबर।** युवाओं के पास रोजगार पाने का सुनहरा मौका, गुरुवार 17 अक्टूबर को इन 2500 पदों पर भर्ती के लिए होगा मेगा जॉब फेयर का आयोजन, जानिए पूरी डिटेल्स नौकरी की तलाश कर रहे शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए नौकरी पाने का सुनहरा मौका है. जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर द्वारा निजी सिक्युरिटी, बैंकिंग, मार्केटिंग, बैंक, होटल, शिक्षण और हॉस्पिटल सेक्टर में 2500 विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 17 अक्टूबर को मेगा जॉब फेयर का आयोजन अंबेडकर भवन सासा होली में किया जाएगा।

इस जॉब फेयर में शामिल होने वाले इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए नीचे दी गई जानकारी ध्यान पूर्वक पढ़ें. बता दें कि इस जॉब फेयर का आयोजनअंबेडकर भवन सासा होली में किया जाएगा। इस मेगा जॉब फेयर में सिक्युरिटी गार्ड (महिला/पुरुष), सुपरवाईजर, लेबर, आर्म गार्डस, सेल्स ऑफिसर, कस्टमर सर्विस, मैनेजर, एजेंट, सर्वेयर, सेल्स पर्सन, प्रमोटर्स, सेल्स ऑफिसर, फिल्ड ऑफिसर,कस्टमरहैण्डलिंग, पर्चेसिंग मैनेजर, एक्सीक्यूटिव, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एकाउंटेंट, प्रोग्रामर, जियो प्वाइंट मैनेजर, बिजनेस डेवल्पमेंट ग्राफिक डिजायनर, ट्रेनर, टैली फॉलर, पर्सनल सेकेट्री, वेटर, मैनेजर, स्पोकन इंगलिश, डांस, स्पोर्टस, संगीत टीचर, समस्त प्रकार के टेक्निशियन, नर्सिंग स्टॉफ, वार्ड ब्वाय, बैंक ऑफिस स्टॉफ, इंजिनर्यस आदि पदों पर भर्ती की जाएगी।

**शैक्षणिक योग्यता :** इस मेग जॉब फेयर में 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक से स्नात्तकोत्तर, आई.टी.आई., डिप्लोमा, कोई भी स्नातक/अन्य अनुभव धारक साक्षात्कार के लिए आमंत्रित है। अधिक जानकारी के लिए आप जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर के दूरभाष नंबर 88178 38877, 93408 24105 और 79991 00525 पर कॉल कर अधिक जनकारी प्राप्त कर सकते है।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा की सदस्यता सूची प्रकाशित

**बलौदाबाजार,16 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा बलौदबजार-भाटापारा दीपक सोनी के निर्देशानुसार रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा बलौदाबाजार-भाटपारा की साधारण सभा की बैठक एवं प्रबंध समिति के गठन 13 नवंबर 2024 को प्रस्तावित है। इसके लिए जिला शाखा बलौदाबाजार- भाटपारा के संरक्षक,उपसंरक्षक एवं सदस्यों की सूची का प्रकाशन 15 अक्टूबर को किया गया है। उक्त सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा के सामने सूचना पटल पर लगायी गई है।

### 56 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की सूची जारी

बलौदाबाजार,16 अक्टूबर। एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान एवं कसडोल अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गये थे जिसमें एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान में 1 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी सहायिका के 51 पद एवं एकीकृत बाल विकास परियोजना कसडोल के आंगनबाड़ी सहायिका के 4 पदो के लिए परियोजना स्तरीय मूल्याकंन समिति द्वारा अनंतिम वरीयता सूची जारी की गई है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय फोन / फैक्स नम्बर- 07857-231762, 230261 ईमेल :-cmobch@rediffmail.com

क्रमांक /1286/तक.शा./न.पा.प./2024 बड़े बचेली, दिनाँकः 14/10/2024

**// मैनुअल निविदा सूचना//**

नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली की ओर से अधोसंरचना मद अन्तर्गत अधोलिखित कार्य हेतु एकीकृत पंजीकृत फर्म/व्यक्ति से निम्नानुसार पंजीकृत स्पीड पोस्ट से त्रिलिफाफे में मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | नगरपालिका अंतर्गत अटल परिसर निर्माण कार्य मूर्ति स्थापना सहित कार्य। | 30.00 | 24/10/2024 समय अपरान्ह 5:30 बजे तक। |

**टीप :-** प्रत्येक कार्य का पृथक-पृथक निविदा आमंत्रित किय जाता है। निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है अथवा वेबपोर्टल http//uad.cg.gov.in से डाउन लोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन के साथ निकाय बकाया नहीं प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा इस के अभाव में निविदा प्रपत्र जारी नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202410092200014**

विषय - अ-74 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2024-2025
कातलवाही ( प ह न. 00018 ),
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- दशरथ,
अनावेदक पक्षकार-

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दशरथ पिता बाबूलाल जाति लोधी उम्र 62 वर्ष निवासी कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम कातलवाही प.ह.न. 18 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 114 में ख.न. क्रमशः 174/14, 286/1, 287/3, 453/2 रकबा क्रमशः 0.405, 0.510. 0.125, 0.010हे. कुल ख.न. 04 कुल रकबा 1.050हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में दशरथ पिता बाबूलाल जाति लोधी सा. कातलवाही के नाम पर दर्ज है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है. जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि/आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.10.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़



## कार्यालय नगर पंचायत गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

दूरभाष एवं फैक्स 07856-244910 Email-cmogeedam@gmail.com

क्रमांक /1311/रा./न.पं. / दु.नीलामी / 2024-25 गीदम, दिनाँक 14/10/2024

**// दुकान आबंटन हेतु घोष नीलामी सूचना //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद् की बैठक दिनांक 26.09.2024 संकल्प क्रमांक 05 में लिए गए, निर्णय अनुसार नगर पंचायत गीदम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रं. 07 थाना भवन केम्पस में नवनिर्मित व्यवसायिक परिसर शहीद महेन्द्र कर्मा पालिका बाजार के दुकानों की नीलामी कराया जाना है, जिस हेतु नीलामी दिनांक 05.11.2024 को समय अपरान्ह 12.00 बजे निर्धारित है।

अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म निर्धारित नीलामी दिनांक के एक दिवस पूर्व नीलामी प्रपत्र शुल्क 200.00 रू. नगद जमा कर नियत तिथि एवं समय पर आवेदन प्राप्त कर एवं अमानत राशि जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है, दुकानों की आरक्षण की स्थिति निम्नानुसार हैः-

| क्रं. | दुकान क्रं./ आरक्षित श्रेणी | दुकानों की सं. | दुकान की साईज (मी.) में | निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| | **ग्राउण्ड फ्लोर** | | | |
| 01 | 01-अनारक्षित | 01 | 6.00x3.50= 21 SQM | 734000 |
| 02 | 02 अ.पि.व. 03-अ.ज.जा. | 02 | 6.00x3.70= 22.20 SQM | 776000 |
| 03 | 04-अ.जा.05 अनारक्षित, 06- महिला वर्ग 07- अनारक्षित,08- अ.पि.व. 09- अनारक्षित, 10- अनारक्षित | 07 | 6.00x3.00= 18 SQM | 629000 |
| 04 | 11- महिला वर्ग | 1 | 6.00x4.50= 27 SQM | 944000 |
| 05 | 12-अ.ज.जा., 13-अ.पि.व., 14-अनारक्षित 15-विधवा / परित्यागता, 16-अ.ज.जा. 17-शिक्षित बेरोजगार | 06 | 6.25x4.00= 25 SQM | 912000 |
| | **प्रथम तल** | | | |
| 06 | 18-अ.ज.जा., 19-अनारक्षित, 20-अनारक्षित 21-अ.पि.व.22-अनारक्षित 23-महिला वर्ग 24-अ.ज.जा. | 7 | 6.00x3.00= 18 SQM | 472000 |
| 07 | 25- अनारक्षित | 1 | 6.00x4.50= 27 SQM | 710000 |

**शर्तेः** - नियम एवं शर्ते अन्य जानकारी नगर पंचायत गीदम के राजस्व शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत गीदम गीदम



## कार्यालय जोन क्रमांक-3 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 50/न.पा.नि./जोन-03/2024-25 रायपुर, दिनांक 14.10.2024

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है : -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. निविदा प्रपत्र हेतु आवदेन तिथि | : - | 24.10.2024 | कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक |
| 02. निविदा प्राप्त करने की तिथि | : - | 25.10.2024 | कार्यालयीन समय 5:00 बजे तक |
| 03. निविदा जमा करने की तिथि | : - | 30.10.2024 | कार्यालयीन समय 4:00 बजे तक |
| 04. निविदा खोलने की तिथि | : - | 30.10.2024 | कार्यालयीन समय 5: 00 बजे तक |

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | प्रपत्र एवं एस.ओ. आर. का विवरण | समयावधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र. 34 अंतर्गत नई बस्ती क्षेत्र में सी.सी. नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य। | 1.35 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ'(पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर) | 02 माह | पार्षद निधि |
| 02 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र. 34 अंतर्गत राजातालाब के नीचे आसपास के गलियों में सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 3.00 | 3000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ'(पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर) | 02 माह | पार्षद निधि |
| 03 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र. 34 अंतर्गत क्रेडा कार्यालय के सामने एवं आसपास सी.सी. कार्य। | 0.82 | 2000/- | 300/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ'(पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर) | 02 माह | पार्षद निधि |
| 04 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र. 34 अंतर्गत उद्यानों एवं सार्वजनिक स्थानों में आर. सी.सी. चेयर कार्य। | 3.45 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'स'(नॉन एस.ओ.आर) | 02 माह | पार्षद निधि |
| 05 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र. 34 आनंद नगर उद्यान का सौंदर्यीकरण कार्य। | 8.50 | 8500/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ'(पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर) | 03 माह | अधोसंरचना मद |
| 06 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र. 34 अंतर्गत शांति नगर सुलभ के पास स्थित कचरा संग्रहण केन्द्र ( Garbage Dumping Point) में शेड लगाने का कार्य। | 11.01 | 11500/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'अ'(पी.डब्ल्यू.डी. भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर) | 04 माह | सामान्य मद |

1. निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।
2. कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस में जोन क्रमांक 03 नगर पालिक निगम, रायपुर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. उक्त निविदा नगर पालिक निगम, रायपुर के वेबसाईट nagarnigamraipur.nic.in में देखी जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन को देवें)

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-03
नगर पालिक निगम, रायपुर

# जनता हमें आशीर्वाद देने तैयार: साव

## सिंहदेव ने कहा - कांग्रेस के पक्ष में आएगा परिणाम





**रायपुर 16 अक्टूबर।** उपचुनाव की घोषणा के बाद इसे लेकर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव का बयान सामने आया है। दोनों ही नेताओं ने इस सीट पर अपनी-अपनी पार्टी के जीतने का दावा किया है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि रायपुर के दक्षिण विधानसभा सीट में उपचुनाव की तारीखों का ऐलान हुआ है। पिछले 8 चुनावों से भारतीय जनता पार्टी के नेता बृजमोहन अग्रवाल उस सीट का प्रतिनिधित्व करते आए हैं। हमारे बृजमोहन अग्रवाल जी का दक्षिण सीट के हर एक घर से व्यक्तिगत संबंध रहा है। भारतीय जनता पार्टी अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से जनता तक पहुँची है। हम उपचुनाव के लिए पूरे तरीके से तैयार हैं। पिछले हर चुनाव की तरह दक्षिण की जनता हमें आशीर्वाद देगी।

उप मुख्यमंत्री साव ने पूर्व की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले पाँच सालों में विकास ठप्प हो गया था, लेकिन हमारी डबल इंजन की सरकार में लाभकारी योजनाओं का सीधा लाभ एक-एक व्यक्ति तक पहुँच रहा है। हर घर तेज गति से विकास पहुँच रहा है। शहरों का विकास तेजी से हो रहा है। मोदी की एक-एक गारंटी हम पूरी करते आ रहे हैं। इस कार्य का लाभ निश्चित रूप से मिलने वाला है। पूरे दक्षिण की जनता हमें आशीर्वाद देने के लिए तैयार है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। हमने प्रत्याशी के लिए हर पैमाने पर विचार किया है। केंद्रीय नेतृत्व जिस कार्यकर्ता को अधिकृत करेगा, पूरी पार्टी एकजुटता के साथ उसे जिताने का प्रयास करेगी। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने साय सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता समझदार है और सरकार के कामकाज को देखकर जनता की नाराज़गी बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि बृजमोहन अग्रवाल के प्रत्याशी न होने का फायदा कांग्रेस को मिलेगा, क्योंकि जिस दिन से बृजमोहन ने इस्तीफ़ा दिया, उसी दिन से कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी थी। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि समय के साथ बीजेपी की जीत का मार्जिन कम होता जा रहा है। पिछले उपचुनावों में भाजपा 20 में से केवल तीन सीटें जीती थीं। पूर्व डिप्टी सीएम ने दावा करते हुए कहा कि मैंने कई राज्यों में देखा है कि जहां जिस पार्टी की सरकार है, उसके विपरीत परिणाम आए हैं।

# सरयू प्रवाह पत्रिका का विमोचन



**रायपुर 16 अक्टूबर।** आचार्य सरयूकान्त झा स्मृति की संस्थान रायपुर द्वारा आचार्य सरयू कांत झा जन्म शताब्दी समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल , सांसद रायपुर लोकसभा थे, मंच पर बालचंद कुशवाहा, डॉ रमेंद्र नाथ मिश्रा, डॉ महेश शर्मा एवं कवि संजीव ठाकुर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आचार्य जी से उनकी बहुत निकटता थी तथा उनके लिये मुझसे जो आशा की गई है मैं अवश्य पूर्ण करूँगा। .समारोह में प्रथम सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ ही सरस्वती वन्दना श्रीमती दिव्याझा , श्रीमती सुषमा झा , श्रीमती नीरजा ठाकुर और श्रीमती नन्दिता शर्मा द्वारा किया गया . सरयू -प्रवाह का विमोचन मुख्य अतिथि एवं मंचस्थ अतिथियों बालचन्द्र सिंह कछुवाहा , कवि चिंतक संजीव ठाकुर श्री चितरंजन कर , श्री महेश चन्द्र शर्मा ,श्री रमेन्द्र नाथ मिश्रा एवं श्री नर्मदा प्रसाद मिश्र ने किया।. विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वालों का सम्मान किया गया जिसमें सर्वाधिक आलेख तथा कविता के लेखन एवं अखबारों में प्रकाशन के लिए कवि,लेखक, चिंतक संजीव ठाकुर, रक्तदान कर अनेकों जीवन की रक्षा करने के लिये श्री नवनीत झा , वृक्षारोपण करने वाले श्री प्रदीप मिश्रा ,तथा ग्रामीण अनपढ़ महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देने हेतु श्रीमती स्नेह लता झा , एवं सुधा सोसायटी के अध्यक्ष श्री गोपाल कृष्ण भटनागर का सम्मान सुधा सोसायटी के माध्यम से समाज सेवा करने सम्मान किया गया।

# राजधानी की बेटियों ने बनाए वर्ल्ड रिकॉड्र्स



**रायपुर 16 अक्टूबर।** राजधानी रायपुर की दो सगी बहनों ने विश्व रिकॉर्ड बनाया है. 6 साल की भव्या और 3 साल की भविशा कोटडिया दोनों ही बहने बहुत अद्भुत है. नन्ही सी भविशा कोटडिया ने 2 मिनट और 21 सेकंड के आश्चर्यजनक समय में 100 देशों की राजधानियों के नाम सुनाकर विश्व रिकार्ड बनाया है.

भविशा ने यह इतिहास 26 फरवरी 2024 को रचा, जब वह महज 2 साल, 11 महीने और 10 दिन की थी. उसने 141 सेकेंड में 100 देशों की राजधानियों के नाम बताकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया. वहीं 28 फरवरी को भव्या कोटडिया की उम्र केवल 6 साल, 3 महीने और 5 दिन की थी, जब उसने 1 मिनट और 35 सेकंड के आश्चर्यजनक समय में 50 आविष्कारों और आविष्कारक का नाम सुनाकर वर्ड रिकॉर्ड बनाया. भविशा और भव्या के लिए विश्व रिकॉर्ड तोड़ने का सफर आसान नहीं था. अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और घंटों समर्पित अभ्यास के साथ, दोनों बहनों ने अपनी याद रखने के शक्ती (मैमोरी पॉवर) को बढ़ाया और कठिन जानकारियों को आसानी से याद करने की कला में महारथ हासिल की. जानकारी को बनाए रखने और जरूरत पड़ने पर तुरंत उसे पुनः प्राप्त करने की उनकी क्षमता ने भविशा और भव्या को अपने साथियों से अलग बना दिया और उनकी रिकॉर्ड- ब्रेकिंग उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त किया. कोटडिया बहनों की रिकॉर्ड ब्रेकिंग उपलब्धि ने उन्हें वर्ल्डवाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में एक अच्छी-खासी पहचान दिला दी है।

### हॉकी इंडिया लीग के लिए टीम का गठन

**रायपुर, 16 अक्टूबर।** सात सालों के अंतराल के बाद बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के लिए वेदांता लिमिटेड ने आज अपनी टीम कलिंगा लांसर्स के खिलाड़ियों का आधिकारिक परिचय दिया। इससे पहले एचआईएल के लिए हुई खिलाड़ियों की नीलामी में वेदांता ने दबदबे के साथ प्रदर्शन किया और इस तरह कंपनी ने कामयाबी के साथ एक दुर्जेय टीम का गठन कर लिया है। कलिंगा लांसर्स में उभरती प्रतिभाओं और अनुभवी खिलाड़ियों का सामंजस्य है जिसके चलते यह टीम आगामी टूर्नामेंट की एक मजबूत दावेदार बन गई है। नीलामी के दौरान कंपनी की रणनीति का परिणाम यह हुआ कि एक बहुत उम्दा टीम गठित हो गई। इस टीम में एक ओर ऐरन ज़ालेव्स्की, अलेक्ज़ेंडर हेंड्रिक्स और थिएरी ब्रिंकमैन जैसे जानेमाने खिलाड़ी हैं तो दूसरी ओर रोशन कुजुर और मुकेश टोप्पो जैसे उभरते युवा भारतीय सितारे हैं; इस तरह सभी पोज़िशनों पर टीम की ताकत में इजाफा हुआ है।

# रायपुर प्रेस क्लब में 3 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन



**रायपुर 16 अक्टूबर।** रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फोटो प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार को रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने किया. प्रेस क्लब सदस्यों की तस्वीरों की यह प्रदर्शनी 17 अक्टूबर तक चलेगी इस अवसर पर विधायक मिश्रा ने कहा कि अखबारों में प्रेस फोटोग्राफर्स की तस्वीरें रोजाना देखते हैं, लेकिन प्रदर्शनी में आकर इस तरह तस्वीरों को देखना एक अलग अनुभव है. प्रदर्शनी में जितनी भी तस्वीरें लगी हैं, सभी अलग और अनूठी हैं. ये तस्वीरें बताती हैं कि फोटोग्राफर एक-एक तस्वीरों के लिए कितनी मेहनत करते हैं. मिश्रा ने कहा फोटो प्रतियोगिता और प्रदर्शनी के आयोजन के लिए रायपुर क्लब बधाई का पात्र है। प्रेस क्लब लगातार रचनात्मक और सृजनात्मक कार्य कर रहा है. इससे प्रेस क्लब छवि भी बदल रही है. उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल सभी फोटोग्राफर्स को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर प्रेस क्लब के महासचिव डॉ. वैभव शिव पांडेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी, कार्यकारिणी सदस्य किशन लोखण्डे, पराग मिश्रा, वरिष्ठ फ़ोटो जर्नलिस्ट विनय शर्मा, गोकुल सोनी, रूपेश यादव, मनोज देवांगन, विनय घाटगे, दीपेश सोनी, शरणजीत तेत्री, वरिष्ठ पत्रकार विजय मिश्रा, प्रत्यूष शर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि प्रदर्शनी तीन कैटेगरी- न्यूज, पर्यटन/ संस्कृति और डेवलपमेंट (विकास) विषय पर आधारित है. फोटो प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी के लिए करीब 3 लाख रुपए के पुरस्कार घोषित किए गए हैं. उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी को देखने के लिए पत्रकारिता के विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है. साथ ही प्रदर्शनी आम लोगों के लिए भी खुली रहेगी।

# ब्राह्मण समाज ने दक्षिण से टिकट के लिए बनाया दबाव



**रायपुर 16 अक्टूबर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट उप चुनाव के लिए तारीख का ऐलान हो चुका है। इस बीच राजधानी में सियासी पारा उस वक्त गरमा गया जब ब्राम्हण समाज के सभी घटक के सदस्य एक साथ लामबंद होकर भाजपा व कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गए हैं और समाज के किसी सदस्य को ही प्रत्याशी बनाये जाने की मांग रख दी। भाजपा कार्यालय पहुंचने पर संगठन महामंत्री पवन साय व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव से उन्होने मुलाकात की। राजीव भवन कांग्रेस मुख्यालय में टीएस सिंहदेव,धनेन्द्र साहू व राजेन्द्र तिवारी के समक्ष उन्होने अपनी बात रखी। नेताओं ने भी राजनीतिक अंदाज में आश्वासन देने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखा। हंसी ठिठोली के बीच उन्होने संभावित के लिए नाम भी पूछ लिया। लेकिन ब्राम्हण तो ब्राम्हण हैं भले इनकी बातों में कहां आने वाले,उन्होने भी सधे अंदाज में कहा कि मतदाताओं की संख्या समाज की सर्वाधिक हैं, समाज से प्रत्याशी उतारें जीताने का जिम्मा भी समाज लेगा,चाहे किसी को भी टिकट दें पर हो ब्राम्हण। मजाकिया अंदाज में जब नेताओं ने कहा कि चलिए कांग्रेस-भाजपा दोनों ब्राम्हण प्रत्याशी देते हैं। तो मौजूद लोगों ने कहा पहले देकर तो देखें,निर्णय जनता करेगी लेकिन समाज की एकजुटता व भाईचारा में कहीं पर भी भेद नहीं दिखेगा,वे खुले मन से चुनाव लड़ेंगे और तब जो भी जीतेगा व ब्राम्हण समाज का ही प्रतिनिधि होगा। बता दें ब्राम्हण समाज से कांग्रेस व भाजपा से टिकट के दावेदारों की लंबी सूची है और कुछ तो प्रतिनिधिमंडल के समूह में साथ बैठे भी थे। किसी ने व्यक्तिगत मांग नहीं की, वे समाज के साथ हैं।


अनंत स्मृतियों का
प्रथम पुण्य स्मरण

श्रद्धांजलि



जन्म : 01-02-1939
निर्वाण : 16-10-2023

स्व. कैलाश चंद्र शर्मा
(प्रथम पुण्यतिथि)

चले गए वे अपने घर से, पर वे दिल से दूर नहीं ।
रुखसत हुए वे दुनिया से, लेकिन वे हम से दूर नहीं है।।
हम जब उन्हें याद करते हैं, उनका हाथ अपने कंधों पर पाते हैं।
वे हमें अपने साथ होने का अहसास दिला जाते हैं।।
आप वह चट्टान थे जिसने, हर तूफां से हमें बचाया था।
अनुशासित रह, हम बच्चों को स्वाभिमान का पाठ पढ़ाया था।।
आपके द्वारा स्थापित धैर्य एवं आध्यात्म के पथ पर,
निरन्तर चलने की शपथ लेते,

आपकी याद में श्रद्धानवत्
(समस्त शर्मा परिवार, रायपुर)

Sun & Sun®
Group
Since 1930


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26